दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 14 | अंक : 236 | जयपुर | सोमवार, 01 जुलाई, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष दशमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## जीटी से युवक का अपहरण, 7 लाख की फिरौती मांगी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर के मालवीय नगर स्थित गौवर टावर पर घूमने आए युवक को कार सवार बदमाशों ने उठा लिया। इसके बाद उससे 7 लाख रुपए की फिरौती मांगी। युवक ने अपने परिचित को कॉल कर कहा- भैया मुझे रुपए देकर छुड़ा लो, मेरे साथ मारपीट कर रहे हैं। इसके बाद युवक के भाई ने थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी।

पुलिस के अनुसार राम विहार सांगानेर निवासी नवराज जैन ने मामला दर्ज कराया कि 28 जून की शाम उनका भाई मनु जैन (26) मालवीय नगर स्थित गौरव टावर घूमने गया था। इस दौरान कार सवार 4-5 बदमाशों ने मनु जैन को रोक लिया। मारपीट कर बदमाश उसे कार में डालकर किडनैप कर ले गए। चलती कार में किडनैपर्स ने मनु जैन से मारपीट कर डराया-धमकाया और रुपयों की डिमांड की। इसके बाद उसके मोबाइल से परिचित को कॉल करवाया। मनु ने कॉल कर कहा- मुझे कुछ लड़कों ने उठा लिया है। अगर तुमने मुझे 7 लाख रुपए नहीं दिए तो ये मुझको नहीं छोड़ेंगे। भैया इनको पैसे देकर मुझको छुड़ा लो। परिचित ने कॉल कर मनु जैन के भाई को उसकी किडनैपिंग की जानकारी दी।

## सड़क हादसे में सहायक अभियंता और पत्नी की मौत

### आमने-सामने दो कारों की भिड़ंत, दो बेटियां हॉस्पिटल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**नागौर ( नि.स. )।** नागौर के बाराणी गांव के पास सड़क हादसे में जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता अशोक शर्मा और उनकी पत्नी की इलाज के दौरान बीकानेर में मौत हो गई। दोनों का शव जोधपुर ले जाया जा रहा है। उनकी बेटियों का इलाज बीकानेर में चल रहा है। जानकारी अनुसार सहायक अभियंता अशोक शर्मा पुत्र निरंजन शर्मा (55) शनिवार को नागौर से पत्नी और दोनों बेटियों के साथ कार में परिवार के साथ बीकानेर आ रहे थे। बाराणी गांव के पास सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। हादसे में चारों जने घायल हो गए। सहायक अभियंता अशोक और उनकी पत्नी सुमन आगे बैठे थे, उन्हें गंभीर चोट आने पर बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल रेफर किया गया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

#### बेटियों का बीकानेर में इलाज

नागौर में भर्ती बेटी मिनल (23) और मानसी (18) को भी बाद में बीकानेर रैफर किया गया। बेटियों का इलाज अभी भी बीकानेर में चल रहा है, पति-पत्नी का शव शव विशेष गाड़ी से जोधपुर के लिए रवाना किया गया है। शर्मा जोधपुर में हाई टेंशन लाइन की मेंटेनेंस का काम देखते थे।

### 4 महीने बाद पीएम मोदी की मन की बात

# मां के नाम पर पेड़ लगाएं : मोदी

## पेरिस ओलिंपिक के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 4 महीने बाद रेडियो प्रोग्राम मन की बात की। इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव, हूल दिवस, रथयात्रा-अमरनाथ यात्रा, कुवैत रेडियो के हिंदी शो, लोकल प्रोडक्ट्स, पर्यावरण दिवस और योग दिवस पर बात की।


पीएम ने 26 जुलाई से होने वाले पेरिस ओलिंपिक में जाने वाली भारतीय टीम को शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस बार ओलिंपिक में कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। खिलाड़ी भी अलग लेवल का रोमांच दिखाएंगे। इससे पहले मन की बात 110वां एपिसोड फरवरी में टेलिकास्ट हुआ था। तब पीएम मोदी ने कहा था कि राजनीतिक मर्यादा के चलते लोकसभा चुनाव के दौरान 3 महीने 'मन की बात' का प्रसारण नहीं होगा।

#### पीएम ने 10 मुद्दों पर चर्चा की...

**1. लोकसभा चुनाव पर :** देशवासियों और चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि जनता ने संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अटूट विश्वास दोहराया है। 2024 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ, जिसमें 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हैं।

**2. हूल दिवस पर :** आदिवासियों के हूल दिवस पर कहा कि यह दिन वीर सिद्धो-कान्हू के साहस से जुड़ा है इन्होंने विदेशी शासकों का विरोध किया था। साथ ही झारखंड के संथाल परगना से हजारों संथाली साथियों को एकजुट करके अंग्रेजों से 1855 में विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठाए थे।

**3. पेरिस ओलिंपिक पर :** 26 जुलाई से शुरू हो पेरिस ओलिंपिक में जाने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने #CheeryBharat के जरिए



खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की अपील की। पीएम ने कहा कि हमारे खिलाड़ी टोक्यो ओलिंपिक के बाद से ही तैयारियों में जुटे थे, इसलिए इस बार कुछ चीजें पहली बार देखने मिलेंगी।

**4. पर्यावरण दिवस पर :** विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू किए अभियान एक पेड़ मां के नाम का जिक्र किया। उन्होंने बताया, मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है। पिछले दस साल में बढ़े फॉरेस्ट कवर और अमृत महोत्सव के दौरान बनाए गए 60 हजार से ज्यादा सरोवरों की चर्चा की। उन्होंने मां के नाम पर पेड़ लगाने की अपील की।

**5. कुवैत रेडियो के हिन्दी शो पर:** कुवैत सरकार ने नेशनल रेडियो पर हिंदी में एक कार्यक्रम शुरू किया है। कुवैत रेडियो पर हर रविवार आधे घंटे टेलिकास्ट होता है। पीएम ने बताया कि इस प्रोग्राम में भारतीय संस्कृति के अलग-अलग रंग शामिल होते हैं। इसमें भारतीय फिल्मों, कला जगत से जुड़ी चर्चाओं के बारे में बताया जाता है।

**6. योग दिवस पर:** 21 जून को दुनिया भर में मनाए गए 10वें योग दिवस पर पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि हर साल योग दिवस में नए-नए रिकॉर्ड्स बन रहे हैं। कश्मीर में युवाओं के साथ-साथ बहनों-बेटियों ने भी योग दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।

**7. रेडियो के संस्कृत बुलेटिन की सिल्वर जुबली पर:** 30 जून को आकाशवाणी के संस्कृत बुलेटिन टेलिकास्ट के 50 साल पूरे हुए। पीएम मोदी ने ऑल इंडिया रेडियो परिवार को बधाई दी। उन्होंने कहा संस्कृत की भारतीय ज्ञान-विज्ञान की प्रगति में बड़ी भूमिका रही है। समय की मांग है कि हम संस्कृत को सम्मान भी दें, और उसे अपने जीवन से भी जोड़ें।

**8. अरकू कॉफी पर:** भारत के कई प्रोडक्ट्स की दुनिया-भर में बहुत डिमांड है। ऐसा ही प्रोडक्ट है अरकू कॉफी। यह आंध्र प्रदेश के अल्लुरी सीता राम राजू जिले में पैदा होती है। ये अपने रिच फ्लेवर-अरोमा के लिए जानी जाती है। अरकू कॉफी की खेती से करीब डेढ़ लाख आदिवासी परिवार जुड़े हुए हैं।

**9. पुलवामा की स्नो पीस पर :** पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा से स्नो पीस की पहली खेप लंदन भेजी गई। कश्मीर में उगने वाली एग्जॉटिक वेजिटेबल्स को दुनिया के नक्शे पर लाने चकूरा गांव के अब्दुल राशीद मीर ने स्नो पीस उगाने का काम शुरू किया। यह कश्मीर से लंदन तक पहुंचने लगी है।

**10. जगनन्नाथ रथयात्रा पर :** 7 जुलाई को होने वाली जगन्नाथ पुरी की रथयात्रा, जम्मू कश्मीर की अमरनाथ यात्रा और पंढरपुर वारी की यात्राओं में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं।

## अमरनाथ यात्रियों को ले जा रही कार का एक्सीडेंट

### 2 की हालत गंभीर; पहले दिन 14 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए



अनंतनाग।

अमरनाथ यात्रा के दूसरे दिन 6 हजार 619 श्रद्धालुओं का तीसरा जत्था रविवार को जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से रवाना हुआ। इस बीच, यात्रियों को ले जा रही एक कार का रविवार को पहलगाम के पास चंदनवाड़ी में एक्सीडेंट हो गया। इसमें दो श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान झारखंड के विजय मंडल और गुरवा देवी के रूप में हुई है। बीएसएफ ने दोनों के इलाज के लिए DRDO अस्पताल ले आई। इसके बाद उन्हें अनंतनाग के GMC अस्पताल रेफर कर दिया गया है। दोनों की हालत गंभीर बताई गई है। रविवार को निकले तीसरे जत्थे में में 1141 महिलाएं शामिल हैं। ये सभी सुबह 3:50 बजे, 319 गाड़ियों से रवाना हुए। अबतक 3838 यात्री चंदनवाड़ी, पहलगाम रूट से जबकि 2781 यात्री बालटाल रूट से हिम-शिवलिंग के दर्शन करने निकले हैं। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए हर साल होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा शनिवार (29 जून) से शुरू हो गई। पहले दिन 14 हजार यात्रियों ने अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन किए। 52 दिन की यात्रा 19 अगस्त को खत्म होगी। यात्रा अनंतनाग में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर छोटे, लेकिन कठिन बालटाल मार्ग से गुजरेगी।

## शरद पवार बोले- एमवीए साथ मिलकर लड़ेगा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव : गठबंधन की छोटी पार्टियों संग आगे बढ़ेंगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव हैं। इंडिया ब्लॉक में शामिल कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी में भी शामिल हैं। रविवार (30 जून) को एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि कांग्रेस, शिवसेना और उनकी पार्टी मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे। वहीं, महाराष्ट्र में एनडीए की महायुति वाली सरकार के 2 साल पूरे होने पर राज्य के सीएम एकनाथ शिंदे पोस्ट शेयर कर खुशी जाहिर की। उन्होंने बालासाहेब ठाकरे का जिक्र किया।

**पवार ने कहा- राज्य की सरकार में बदलाव की जरूरत**-पवार ने कहा- विपक्ष महाराष्ट्र के लोगों के सामने एक सामूहिक चेहरा रखेगा। राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसे पूरा करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है।

## राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव फिर टले

### एडहॉक कमेटी का कार्यकाल 3 महीने बढ़ाया; गोयल की जगह विमल शर्मा को सदस्य बनाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव की तारीख एक बार फिर अगले 3 महीने के लिए टल गई है। अब सितंबर महीने के अंत तक चुनाव कराए जाने की संभावना है। लोकसभा चुनाव के चलते एडहॉक कमेटी आरसीए के चुनाव आयोजित नहीं कर पाई थी। अब सरकार ने इस कमेटी के कार्यकाल को 3 महीने आगे बढ़ाया दिया है, जो आगामी महीनों में आरसीए के कामकाज देखेगी।

सरकार ने बीजेपी विधायक और श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष जयदीप बिहानी को फिर से एडहॉक कमेटी का संयोजक बनाया है। कमेटी में सदस्य नागौर





जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह खींवसर, पाली जिला क्रिकेट संघ के सचिव धर्मवीर सिंह, झुंझुनूं जिला क्रिकेट संघ के सचिव हरिशचंद्र सिंह, बीकानेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतन सिंह शेखावत को यथावत रखा है। वहीं अलवर जिला क्रिकेट संघ के सचिव पवन गोयल को हटाकर उनकी जगह जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा को कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

**बीसीसीआई से भी फंड की मांग की है: शेखावत**-एडहॉक कमेटी के सदस्य और पाली जिला क्रिकेट संघ के सचिव धर्मवीर सिंह शेखावत ने बताया- लोकसभा चुनावों और मौजूदा हालातों को देखते हुए सरकार ने एडहॉक कमेटी के समय अवधि को तीन महीने के लिए बढ़ाया है। हम सब मिलकर राजस्थान क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा- पिछले कुछ वक्त से जो क्रिकेट की गतिविधियां बंद हो गई है। उनका संचालन फिर से शुरू करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। इसको लेकर हमने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में भी अपनी बात रखी है।

# हमारा सब कुछ सनातन के लिए: योगी

## बाबा सोमनाथ का पुण्यतिथि समारोह

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अलवर जिले के कोटकासिम में थे। उन्होंने कहा कि नेता हमेशा बांटने की कोशिश करते है, जो हमारे देश की अखंडता और एकता के लिए घातक है। बांटने वाली राजनीति को हम त्यागने का काम करेंगे। अगर हम जातियों में बंटे तो दुश्मन उसका लाभ उठाएंगे हमें एकता का संदेश देना है।

अलवर के कोटकासिम क्षेत्र के लाडपुर में आयोजित बाबा सोमनाथ मंदिर के कार्यक्रम में बोलते हुए यूपी के सीएम ने कहा- पहले भारत के पास सब कुछ था। इसके बावजूद गुलाम हो गया। हमें इसका कारण इसकी तह तक जाकर खोजना होगा। जब कोई बीमारी होती है तो उसका इलाज भी होना चाहिए। वह मनुष्य ज्यादा समय तक स्वस्थ्य रह सकता है जो बीमारी से पहले उसका बचाव कर लें, लेकिन बचाव करने के बाद भी अगर बीमारी आ रही है तो समय से उसका इलाज जरूरी है। पहले सावधानी जरूरी है लेकिन जब कैंसर होता है तो उसकी सर्जरी भी करनी पड़ती है। हमारा जो कुछ भी है वह हमारे देश के लिए और सनातन धर्म के लिए समर्पित होना चाहिए।

#### सनातन धर्म एक महत्वपूर्ण पंथ

योगी ने कहा कि भारत का सनातन धर्म एक महत्वपूर्ण पंथ है। संपूर्ण विश्व का मानना है कि सनातन धर्म ही भारत की आत्मा है। सनातन धर्म और भारत एक-दूसरे के पूरक है। सनातन धर्म मजबूत होगा तो भारत मजबूत होगा। इस विश्वास के साथ लगातार पूज्य संतों की साधना और उनका स्मरण इसी अभियान का हिस्सा है। योगी ने कहा-इसी



अभियान के तहत सारे कार्यक्रम चल रहे हैं। नाथ संप्रदाय इस कार्यक्रम को आगे बढ़ रहा है। खेतानाथ महाराज ने अपना पूरा जीवन लोक कल्याणकारी योजनाओं के लिए समर्पित किया था और उन्हीं के शिष्य पूज्य संत महंत सोमनाथ महाराज का भी पूरा जीवन इसी कल्याण के लिए समर्थन था। आज महंत दीपक नाथ ने अपने गुरुदेव की पूज्य स्मृति को बनाए रखने के लिए विशाल भंडारा किया है। यह सबसे बड़ा चमत्कार है कि यहां रात में मूसलाधार बारिश हुई लेकिन लाडपुर के आस-पास क्षेत्र में बारिश पड़ रही है। संतों की ऐसी कृपा है कि प्रकृति ने भी अपना नियम बदल लिया है।

#### एक लाख से भी ज्यादा लोगों के लिए भोजन तैयार

कार्यक्रम को लेकर कई दिनों से मंदिर परिसर में साधु संतों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। वहीं आस-पास के क्षेत्र में भी मंदिर की अच्छी मान्यता है इसलिए यहां पर एक लाख से भी ज्यादा लोग आने की संभावना बताई जा रही है। हवन पूजन के बाद यहां भंडारे का आयोजन किया। 100 बोरी चीनी के लड्डू बनाए गए हैं तो वहीं सो मन आटे को पिसवाकर तैयार रखा गया है ताकि आने वाले सभी श्रद्धालुओं को भरपेट भोजन कराया जा सकें। खाने की व्यवस्था के लिए करीब ढाई सौ सेवादार मौजूद रहेंगे।

#### बाबा अभयनाथ महाराज की मूर्ति का अनावरण

योगी करीब 12.30 बजे कार्यक्रम में पहुंचे थे। सबसे पहले मंदिर परिसर में बाबा करतारपुरी महाराज और बाबा अभयनाथ महाराज की मूर्ति का अनावरण किया। इसके बाद मंदिर परिसर में ही बाबा सोमनाथ की प्रतिमा के सामने धोक लगाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंच पर उनका और महंत बाबा बालक नाथ का स्वागत किया गया, जिसके बाद चादर रस्म निभाई गई।






सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# अल्फ़ाज़ और आवाज़ कार्यक्रम का भव्य आयोजन राजेश सिंह और अजय पांडेय ने दी प्रस्तुति

## सृजन द स्पार्क जयपुर की ओर से आयोजित कार्यक्रम के अंत में मेंबर्स ने उठाया क्रिकेट का आनंद

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. ) ।** लब्ज भीगे है.., हवा के जैसा गुजर गया.., मोहब्बत में ना जाने क्यों.. जैसी दर्शकों की पसंदीदा ग़ज़लों को सुन माहौल में मौज उठ गई। जहां भारत के 50-60 दशक के लोकप्रियों गीतों को शायरियों से बांध नए अलफ़ाज़ और अंदाज़ में प्रस्तुत किया। जिसमें अभी ना छोड़ के.., कभी कभी मेरे दिल में.., जिंदगी के सफर में.. आदि नग्मों से कलाकारों ने रसिक श्रोताओं से तारीफ़ पाई। कुछ ऐसा ही सुरमई नजारा था अलफ़ाज़ और आवाज़ कार्यक्रम का, सृजन द स्पार्क जयपुर की ओर से ये कार्यक्रम शनिवार शाम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया। इस दौरान सृजन द स्पार्क जयपुर के चीफ पैट्रन आईपीएस प्रसन्ना खमेसरा, चेयरमैन राजेश नवलखा और प्रेजिडेंट सुरेश ढड्ढा ने कलाकारों का स्वागत सत्कार किया।

इंटरनेट सेंसेशन और जाने-माने कंपोजर और सिंगर राजेश सिंह और ग़ज़ल लेखक अजय पांडेय की जोड़ी ने कार्यक्रम को अपने सुरों में पिरोया। जहां उन्होंने अपने द्वारा तैयार किए जा चुके सुप्रसिद्ध संगीत को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किए। जिसमें यूट्यूब पर 2 करोड़ व्यूज पार कर चूका लब्ज भीगे है.. खास रहा, एल्बम में प्राची देसाई मुख्य भूमिका में दिखाई दे रही है । वहीं इंस्टाग्राम में वायरल हो चुके संगीतों को भी उन्होंने श्रोताओं की फरमाइश पर प्रस्तुत किया। इस दौरान देश और विदेश में लाइव कॉन्सर्ट कर चुके राजेश सिंह ने ग़ालिब, कबीर दास, बुल्ले शाही, हज़रात आमिर खुसरो, निदा फ़ज़ली जैसे रचनाकार और समकालीन कवियों की कविताओं को सुर देते हुए सादगी से नग्मों में पेश किया। वहीं पंकज उदास की आखरी तीन ग़ज़लों के लेखक अजय पांडेय ने हर गाने के बाद अपनी शायरियों का दौर चालू रखा।

कार्यक्रम के बारे में सृजन द स्पार्क के चेयरपर्सन राजेश नवलखा ने बताया कि कार्यक्रम का संस्था के चीफ पैट्रन आईपीएस प्रसन्न खेमसरा के सेवा-निवृत्ति के उपलक्ष में अल्फ़ाज़ और आवाज़ कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

साथ ही नविन गायक रोबिन काला, प्रियंका कानूनगो और संजीव जैन को भी अपनी आवाज़ का हुनर प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में मेंबर्स के लिए टी-20 फाइनल मैच की लाइव स्क्रीनिंग और डिनर गाला का भी आयोजन हुआ।

# जेकेके में नाटक कठपुतलियां का मंचन मनीषा कुलश्रेष्ठ की कहानी से प्रेरित है नाटक


बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. ) ।** युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और रंगमंच में प्रयोग से तैयार नाटकों से रूबरू करवाने वाले युवा नाट्य समारोह का रविवार को समापन हुआ। अंतिम दिन वरिष्ठ साहित्यकार मनीषा कुलश्रेष्ठ की कहानी से प्रेरित नाटक 'कठपुतलियां' का मंचन हुआ। अनुराग सिंह ने नाट्य रुपांतरण और निर्देशन किया।

नाटक मनुष्य के अंदर की चेतना और जागृति की बारे में बात करता है और प्रेम की गहराई और शुद्धता को टटोलता है। कामनाओं के पाश में बंधा इंसान दृष्टिहीन होकर उनकी पूर्ति की ओर बढ़ता है तो कठपुतलियों की तरह ही हो जाता है। मन उसे इधर-उधर दौड़ाता रहता है। वहीं संयम के साथ जब वह विचार करता है तो प्रेम और मोह के अंतर को समझ पाता है। नाटक की नायिका अपने ही कथित प्रेम के लावण्य में जिस तरह उलझी रहती है और अंतत: वो चेतन होकर यह समझ पाती है की स्त्री केवल मोहपाश में बंधी हुई कोई भौतिक वस्तु ना होकर के एक सृजनकर्ता, ममत्व से भरी हुई, प्रकृति, मां है। ये कहानी है कठपुतली कलाकार रामकिशन और सुगना की। रामकिशन कुशल कठपुतली कलाकार है। दुर्भाग्यवश बच्चे को जन्म देने के बाद उसकी पत्नी का निधन हो जाता है। सरल स्वभाव रामकिशन खुद बच्चे को पालता है। वह बच्चे को साथ लेकर गांव-गांव जाकर कठपुतली का खेल भी दिखाता है। इधर दूसरे गांव में रहने वाली सुगना जग्गू गाइड से प्यार करती है। जग्गू उसे सब्जबाग दिखाता है और जीप खरीदने के बाद शादी करने की बात कहता है। सुगना के परिजन उसका विवाह रामकिशन से कर देते है। सुगना जग्गू को भुला नहीं पाती है और उसका मन बार-बार उसे बीते दिनों में ले जाता है। रामकिशन सुगना की हर भावना की कदर करता है। अंतत: सुगना को रामकिशन की नेकदिली का एहसास होता है और वह खुशी-खुशी अपनी गृहस्थी बसाती है। नाटक में कई बार मुखौटे लगाकर पात्रों को कठपुतली की तरह दिखाया गया है जो दर्शकों को बड़ा आकर्षित करता है।

नाटक में कुलदीप सिंह, नारायण सिंह चौहान, शिवांगी बैरवा, महावीर सैन, प्रभु प्रजापत, विभूति नारायण चौधरी, अंकित शाह, विकास जैन, दुष्यंत हरित व्यास, आराधना शर्मा, गरिमा पंचोली, रेखा जैन, कोमल पारीक, दिव्या ओबेरॉय, राहुल रांका, दिनेश चौधरी आदि कलाकरों ने अभिनय किया।



# राज्य आपदा प्रतिसाद बल ने आपदा मित्रों से किया संवाद

## आपदा सेवा के लिए सदैव तैयार रहने किया आह्वान

बढ़ता राजस्थान


**जयपुर ( का.स. ) ।** घाटगेट स्थित राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) कंट्रोल रूम पर रविवार को जयपुर जिले के प्रशिक्षित आपदा मित्रों से वर्तमान मानसून सत्र के मध्यनजर संवाद किया गया। जिसमें शहर के लगभग 50 आपदा मित्रों ने भाग लिया। सभी आपदा मित्रों को रेस्क्यू टीमों के घटना स्थल पर पहुँचने से पहले किसी भी प्रकार के आपदा प्रभावित क्षेत्र में तत्काल राहत कार्य शुरु करने एवं प्रभावित लोगों को प्राथमिक उपचार देने तथा आपदा प्रभावित क्षेत्र में एसडीआरएफ का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। एसडीआरएफ के कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा ''आपदा मित्र'' योजना के अन्तर्गत राजस्थान राज्य के 13 जिलों के 4700 स्वयं सेवकों को एसडीआरएफ के माध्यम से ''आपदा राहत प्रशिक्षण'' वर्ष 2022-23 में दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देष्य राज्य में आने वाली प्राकृतिक व मानवजनित विभिन्न आपदाओं यथा बाढ़, भूकम्प, आगजनी आदि के दौरान किये जाने वाले आपदा राहत कार्यो में आपदा राहत एवं बचाव दलों के सहायतार्थ स्वयंसेवकों को तैयार किया जाना था। यह प्रशिक्षण कुल तीन चरणों में दिया गया, प्रथम चरण में 06 जिलों बीकानेर 300, भरतपुर 300, जोधपुर 500, कोटा 300, नागौर 500, अलवर 500, द्वितीय चरण में अजमेर 300, जयपुर 500 तथा तृतीय चरण में 05 जिलों बाड़मेर 300, जालोर 300, झालावाड़ 300, पाली 300, सिरोही 300 के स्वयं सेवकों को ''आपदा राहत प्रशिक्षण'' दिया गया।

आपदा राहत प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को आपदा के समय प्राथमिक उपचार, बाढ़ बचाव, रोप रेस्क्यू संबधित एवं इसके अतिरिक्त आपदा के समय किये जाने वाले राहत कार्यो के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देष्य आपदा के समय आपदा राहत एवं बचाव दल के साथ आपदा मित्र योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त स्वयं सेवक मिलकर अधिक से अधिक आपदा राहत कार्य कर आपदा से होने वाली जन-धन हानि को कम से कम किया जाना था।

रविवार को हुए संवाद कार्यक्रम में एसडीआरएफ के एसआई आशीष बंशीवाल व रवि वर्मा, हैड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल राजेष कुमार दान सिंह, शशिकांत, बिट्ठू बसवाल, सुनील कुमार, सुरेश झरवाल, बाबू लाल, ब्रजमोहन व सचिन आदि मौजूद रहे। अन्त में सभी आपदा मित्रों को कन्ट्रोल रूम का विजिट करवाकर एसडीआरएफ की कार्यप्रणाली के लिए तैयार रहने के लिए बताया गया ताकि आवश्यकता पडने पर तुरंत आमजन की मदद की जा सके।

# सांगानेर में उजाड़े गए 800 से ज्यादा परिवारों के पुनर्वास और रोजगार की व्यवस्था करे भाजपा सरकार : खाचरियावास

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. ) ।** पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि सांगानेर में 800 से ज्यादा परिवारों को उजाड़ने का काम राज्य की भाजपा सरकार ने किया है जबकि राज्य में पहले से ही कांग्रेस सरकार के समय से ही पुनर्वास पॉलिसी लागू की गई है। इसके अनुसार किसी भी व्यक्ति को उजाड़ने से पहले उसका पुनर्वास किया जाता है। कांग्रेस सरकार के दो कार्यकाल में मेट्रो योजना को लेकर सैकड़ों लोगों के घर और दुकान मेट्रो प्रोजेक्ट के बीच में आ रही थी इन सब लोगों को इनकी कीमत से ज्यादा करोड़ों रुपए का पुनर्वास मुआवजा देकर इन्हें विश्वास में लेकर उनके खुद के द्वारा कब्जे हटाए गए। जयपुर में सांगानेर में इतनी बड़ी तोड़फोड़ की कार्रवाई हुई किसी भी व्यक्ति का पुनर्वास मुआवजा नहीं दिया गया, हाई कोर्ट में यदि इस तरह का आदेश आया था तो उस आदेश के विरुद्ध राज्य सरकार इन लोगों को बचाने के लिए कार्रवाई कर सकती थी। पूर्व मंत्री खाचरियावास ने कहा कि इसी तरह पृथ्वीराज नगर को भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश तोड़ने के लिए आए थे लेकिन वहां के लोगों के साथ संघर्ष करके पृथ्वीराज नगर को बचाने में जनता सफल हो गई। उन्होंने कहा कि सांगानेर के लोगों ने इतनी बड़ी तादाद में वोट बीजेपी को विधानसभा एवं लोकसभा में दिए उसका उल्टा परिणाम सांगानेर की जनता को भुगतना पड़ा। अभी भी भाजपा सरकार में थोड़ी बहुत इंसानियत बची है तो जिन लोगों के घर पूरी तरह से बर्बाद हो गए जिनके पास रहने को छत नहीं है, दुकान पूरी तरह से बर्बाद हो गई, रोजगार का कोई साधन नहीं है, उन लोगों की सहायता के लिए भाजपा सरकार को बाजार की दर पर मकान और दुकानों की पुनर्वास राशि सांगानेर के पीड़ित लोगों को देनी चाहिए, जिससे बैघर और बेरोजगार हुए लोग आसानी से अपना जीवन यापन कर सके।

# धोखाधड़ी के मामले में अप्पू घर कम्पनी के डायरेक्टर सहित दो लोग गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. ) ।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने अप्पू घर इंटरनेशनल एंटरटेनमेंट प्रा.लि.कंपनी के डायरेक्टर सहित दो जनों को धोखाधड़ी करने पर गिरफ्तार किया गया है। डायरेक्टर ने जयपुर-दिल्ली रोड पर जेडीए से पार्क विकसित करने के लिए लीज पर ली गई भूमि पर आवासीय प्लॉट काटकर धोखाधड़ी की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर तीन दिन का रिमांड लिया हैं। हरमाड़ा सीआई दिलीप खदाव ने बताया कि कंपनी का डायरेक्टर मोनी विजेश्वर निवासी सैनिक फार्म, कंट्री क्लब नेब सराय नई दिल्ली और राजन शर्मा निवासी फूलबाग, अलवर का रहने वाले हैं। दोनों ने साल 2007 में 99 साल की लीज पर जेडीए से पार्क विकसित करने के मकसद से जेडीए से 300 एकड़ जमीन सस्ती दर पर अलॉट करवाई। जहां पर वाटर पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, वैलनेस सेंटर बनाकर इनका खर्च निकालना था। इसके साथ ही 400 करोड़ रुपए खर्च कर 1500 लोगों को रोजगार देना बताया गया। दोनों ने जेडीए से बिना अप्रूवल लिए कॉलोनी काटना शुरू कर दी और लोगों को कॉमर्शियल, रेजिडेंशियल प्लॉट बेचने शुरू कर दिए। इसमें कई लोगों ने इनवेस्टमेंट किए थे। धोखाधड़ी सामने आने पर पीड़ितों ने एफआईआर दर्ज कराना शुरू किया। साल 2019 में वैशाली नगर निवासी शिखा मील ने इन लोगों के खिलाफ शिकायत दी। उन्होंने बताया कि उनके पास साल 2016 में कंपनी के एक पदाधिकारी राजन शर्मा ने फोन करके बताया कि दिल्ली रोड पर दौलतपुरा के पास उनकी कंपनी मेगा टूरिस्ट सिटी बना रही है। आप उसमें प्लॉट ले लो आपको बड़ा फायदा होगा। उसने कुछ प्लॉट बुक कराए और करीब 50-60 लाख रुपए दे दिए। काफी समय निकलने के बाद भी कोई निर्माण नहीं हुआ। पीड़िता ने पदाधिकारी से जेडीए की परमिशन मांगी तो आरोपियों ने उन्हें भगा दिया था। जिस पर पुलिस ने जांच की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# कचरा डालने को लेकर विवाद : डण्डे से सिर पर वारकर बुजुर्ग की हत्या

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. ) ।** शास्त्री नगर थाना इलाके में कचरा डालने को लेकर विवाद के बाद पडौसी ने परिवार ने पिता-पुत्र पर हमला कर दिया। हमले में घायल बुजुर्ग की अस्पताल में मौत हो गई। घायल पुत्र को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार नूरानी मस्जिद के सामने वाली गली स्वामी बस्ती निवासी प्यारे लाल ने मामला दर्ज करवाया कि वह घर के बाहर झाडू लगा रहा है। सफाई करने के दौरान कचरा पडौसी के घर की तरफ चलाया गया। इस पर विष्णु, विशाल, किशन और गोविंद लाठी-डंडे लेकर आए और उस पर और उसके पिता पर हमला कर किया। हमले में पिता गिर गए। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए है। थानाधिकारी दलबीर ने बताया कि हमलावरों की धरपकड़ के लिए लगातार अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी जा रही है। घटना 29 जून की सुबह की है। हमले में 72 वर्षीय कल्याण दास की मौत हो गई। हत्या का मामला दर्ज किया है। हालांकि मृतक के सिर पर कोई गहरी चोट नहीं मिली है।

# पंचायत समिति चाकसू में प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण सुना

## एक पेड़-मां के नाम लगाते हुए लिया संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( नि.स. )।** यहां पंचायत समिति चाकसू के सभागार में विधायक रामावतार बैरवा के साथ उपखंड अधिकारी शिवचरण शर्मा, प्रधान श्रीमती उगंता देवी, कृषि मंडी चाकसू के पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा, जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष श्रवणलाल गुर्जर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुमन कुमावत मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों पार्षदों, क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों ने नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद जारी पहला एपिसोड मन की बात का सीधा प्रसारण सुना। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस कार्यक्रम में राजस्थान के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत को भागीदारी निभानी थी लेकिन कारणवश उनका आना नहीं होने से कार्यकर्ताओं में निराशा अवश्य देखी गई। विधायक बैरवा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश नए आयाम स्थापित कर रहा है। पीएम मोदी का यह कार्यक्रम आमजन से सीधा संवाद का माध्यम है।

पीएम मोदी ने हर वर्ग के विकास व उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पंचायत समिति परिसर में एक पेड़ - मां के नाम थीम पर विधायक ने वृक्षारोपण किया एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं को भी मां के नाम पेड़ लगाने का संकल्प दिलाया।

# प्रभात फेरी मंडल के द्वारा 108 हनुमान चालीसा पाठ भोलेनाथ मातेश्वरी का हुआ ऋतु पुष्पों से मनमोहक श्रृंगार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. ) ।** मानसरोवर प्रभात फेरी मंडल के द्वारा 108 हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ का आयोजन हुआ। आयोजक मनोज बियानी बताया कि मानसरोवर स्वर्ण पथ स्थित मातेश्वरी महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ और मातेश्वरी का पंचामृत से अभिषेक कर नूतन पोशाक धारण कराई । भगवान की ऋतु पुष्पों की मनमोहक झांकी सजाई । प्रभात फेरी मंडल के सदस्यों के द्वारा भगवान भोलेनाथ और वैष्णो माता की विशेष पूजा अर्चना हुई । 108 हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ का जाप किया गया । इस अवसर परकोटा गणेश मंदिर के युवाचार्य अमित शर्मा निज मंदिर के पुजारी नीरज शर्मा के द्वारा भगवान की विशेष पूजा अर्चना कर महाआरती की । भगवान को शीतलता प्रदान करने वाली व्यंजनों का भोग लगाया । इस मौके पर महा संकीर्तन का आयोजन हुआ जिसमें प्रभात फेरी मंडल अध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल सदस्य अनिल अग्रवाल ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुतियां दी। महाआरती के पश्चात भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की । प्रभात फेरी मंडल की ओर से सदस्य नित्य प्रभात फेरी निकालते हैं मानसरोवर के आसपास के क्षेत्र में घूम-घूम कर राम नाम संकीर्तन का जाप करते है ।

# नाबालिग बेटी के साथ दो साल से दुष्कर्म करने वाला पिता गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. ) ।** दौलतपुरा थाना इलाके में नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में रविवार को आरोपी पिता को गिरफ्तार किया हैं। आरोपित पिता पिछले दो साल से बेटी के साथ दुष्कर्म कर रहा था। पीड़िता ने कई बार अपनी मां को भी इस बारे में बताया, लेकिन हमेशा बच्ची की मां उसे तेरे पिता ऐसा कुछ नहीं कर सकते कह कर चुप करा दिया करती थी। जिस पर बच्ची ने हिम्मत दिखाई और पिता की इस गंदी हरकत का वीडियो बनाया और अपनी मां को दिखाया। जिस पर पीड़ित बच्ची की मां थाने पहुंची और पिता के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। जिस पर पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार किया। दौलतपुरा थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि 29 जून को एक महिला अपनी नाबालिग बेटी के साथ थाने पहुंची। महिला ने अपनी बेटी के साथ हुई घटना की जानकारी थाने में दी। इस मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने महिला और उसकी नाबालिग लड़की को अपने ऑब्जरवेशन में रख कर बच्ची से महिला कांस्टेबल और उसकी मां की मौजूदगी में जानकारी ली और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है । थानाप्रभारी ने बताया कि पुलिस जानकारी में सामने आया कि बच्ची का पिता दो साल से गलत काम कर रहा था। बच्ची ने कई बार शिकायत की । लेकिन उसकी मां ने हमेशा बच्ची को शांत कर दिया। लेकिन बच्ची ने पिता द्वारा की जा रही ज्यादती मोबाइल पर रिकॉर्ड कर ली। जिसे बात में बच्ची ने अपनी मां को दिखाया। जिस पर महिला बच्ची को लेकर सीधे थाने पहुंची और शिकायत दी। बच्ची द्वारा बनाये गए वीडियो को देखने के बाद पुलिस ने तत्काल टीम का गठन किया और आरोपी की तलाश शुरू की जिस पर रविवार दोपहर को आरोपी को पुलिस ने डिटेन कर लिया हैं।

# आईपीओ में इंवेस्ट करने के नाम पर युवक से ठगे सात लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. ) ।** गलतागेट थाना इलाके में कम्पनी के आईपीओ स्कीम में रुपए लगाकर मोटे मुनाफे का झांसा देकर एक युवक से सात लाख रुपए से ज्यादा की राशि ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार नागतलाई कच्ची बस्ती सूरजपोल निवासी कृष्ण कुमार ने मामला कि एवेन्डस इक्विटी एसेट मैनेजमेट की आईपीओ स्कीम में निवेश का झांसा देकर ठगों ने उससे 7 जाख 15 हजार 500 रुपए अलग-अलग निवेश करवा लिए।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. ) ।** करधनी थाना इलाके में शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले की जांच थानाधिकारी विरेद्र सिंह कर रहे है। पुलिस ने बताया कि अलवर निवासी 28 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि कुछ समय पहले उसकी मुलाकात विक्रम वर्मा से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसे प्रेम जाल में फांस लिया। इसके बाद मिलने के बहाने निवारू रोड पर बुलाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर आरोपी विक्रम ने शादी करने का वादा किया।

शादी करने की झूठ बोलकर धोखे में रख उसके साथ देहशोषण करता रहा। पिछले लम्बे समय से देहशोषण के दौरान शादी करने का दबाव बनाया। शादी करने से इनकार कर आरोपी ने बातचीत करना बंद कर दिया। धोखे का एहसास होने पर पीड़िता ने आरोपी विक्रम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

श्री देवनारायण जनकल्याण संस्थान प्रदेश कार्यकारिणी व पदाधिकारियों की आम सभा आयोजित

## शंकर लाल कसाना पुनः संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** श्री देवनारायण जनकल्याण संस्थान राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी व पदाधिकारियों की आम सभा बैठक रविवार को श्री देवका हरमाड़ा, लखेर स्थित भगवान श्री देवनारायण के मंदिर में संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष शंकर लाल कसाना की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा करते हुये शंकर लाल कसाना को पुनः संस्थान का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही हरिनारायण मणकश को महामंत्री व सुरेश चाड़ को पुन- कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सुपुर्द की गई। सभी पदाधिकारियों ने भगवान श्री देवनारायण के चरणों में प्रणाम करते हुये निरन्तर समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान संरक्षक मोहन लाल बागड़ी, लीलाराम पीटीआई, सरपंच लीलाराम कसाना, किसान नेता रोहिताश कसाना, एड. राजेन्द्र रहीसा, रोशन हवलदार, मनोहर कसाना, झाबरमल मुनीम, राजाराम सरपंच, प्रभु सरपंच लखेर समेत अन्य मौजूद थे।

## कलेक्टर साहब बसो का ठहराव पाटन स्टेशन पर करवाओ, यात्री होते हैं परेशान

बढ़ता राजस्थान

**पाटन ( नि.स. )।** राजस्थान रोडवेज की बसें पाटन स्टैंड पर नहीं आने से आए दिन यात्री परेशान रहते हैं।इसको लेकर ग्राम पंचायत पाटन के सरपंच मनोज चौधरी ने पूर्व में पंचायत समिति की साधारण सभा में मुद्दा उठाया था। उस वक्त नीम का थाना के विधायक सुरेश मोदी,उपखंड अधिकारी राजवीर यादव ने खेतड़ी,कोटपूतली,सीकर, नागौर,डीडवाना,अलवर डिपो के मुख्य प्रबंधक को अवगत भी करवाया था। उसके बावजूद भी अधिकांश रोडवेज बसें मेन बस स्टैंड पर ना आकर धांधेला रोड या बाईपास होकर निकल जाती है ऐसे में यात्रियों को इधर से उधर चक्कर लगाने पर मजबूर होना पड़ रहा है अधिकांश यात्रियों का कहना है कि नीमकाथाना जिला तो बन गया है परंतु पाटन तहसील हेड क्वार्टर पर आज भी कोई सुविधा शुरू नहीं की गई है। इस बारे में लोगों ने संवाददाता से कहा कलेक्टर साहब पाटन बस स्टैंड पर रोडवेज बसों का ठहराव करवाओ यात्री बहुत परेशान होते हैं वैसे बात भी सही है क्योंकि जब तक प्रशासन रोडवेज विभाग के अधिकारियों को पाबंद नहीं करेगा तब तक रोडवेज के चालक एवं परिचालक अपनी यूं ही मन मर्जी करेंगे जिसका परिणाम यात्रियों को भुगतना पड़ेगा।रोडवेज बसें धांधेला रोड से होती हुई जाती हैं तब मुख्य स्टैंड पर खड़े हुए यात्री भागते हुए नजर आते हैं कई बार तो यात्री सड़क पर भी गिर जाते हैं। जिससे कोई भी आकस्मिक दुर्घटना हो सकती है।

## रावतभाटा राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद की जिला बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा( नि.स. )।** जिला संगठन मंत्री मुकेश भील ने बताया कि राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद रावतभाटा की शिक्षा सत्र की प्रथम बैठक बप्पारावल छात्रावास चारभुजा में संपन्न हुई । बैठक में प्रात:नगरी प्रमुख भवानी शंकर का मार्गदर्शन मिला । बैठक में सप्त बिंदुओं को लेकर चर्चा की गई गुजरातसिंह भील विभाग सह संगठन मंत्री ने युवाओ कि भूमिका पर प्रकाश डाला, जिला मंत्री श्री हरबहादूरसिंह ने आश्रम व्यवास्था, सँचालन गतिविधि प्रकल्प प्रवेश उत्सव एंव छात्रावास प्रवेश उत्सव जुलाई महा में रहेगा ऐसी जानकारी दी गई ।छात्रावास में इस वर्ष तीस भईयाओं को रखने की व्यवस्था रहेगी ।बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता जिला उपाध्यक्ष रामकिशन मित्तल,जिला महिला समिति अध्यक्ष लाड धाकड,जिला उपाध्यक्ष रजनी सेन,जिला शिक्षा आयाम प्रमुख नन्दलाल भील,जिला युवा प्रमुख युवराज भील,नगर महिला समिति संरक्षिका प्रमिला पुरोहित,जिला हितरक्षा प्रमुख राहूल जेन,जिला श्रद्धाजागरण प्रमुख नन्दकिशोर,जिला कार्यकारणी सदस्य मांगीलाल भील,तहसील मंत्री नानूराम भील,तहसील मंत्री चंद्रमोहन भील,कैलाश भील,बाबूलाल भील,देवलाल भील दुर्गा लाल भील,महेंद्रसिह,पप्पु लाल भील,प्रहलाद भील,सुनीता भील, संगीता भील,सुनीता भील,पहलवान भील,माला भील,विक्रम भील आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।मंच संचालन चंद्र मोहन भील ने किया ।

## पीड़ित दीन दुखियों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा : रवि गोयल

बसेड़ी में घूम रहा था कई दिन से मानसिक रूप से विमंदित, शहर के अपना घर में कराया भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( नि.स. )।** बसेड़ी कस्बे में कई दिन से विमंदित,लावारिस,असहाय बारिश में भीगते हुए घूम रहे युवक को समाजसेवी रवि गोयल ने अपने साथी के साथ तत्परता दिखाते हुए निजी वाहन से विक्षिप्त,असहाय,पीड़ित,अनाथ लावारिस मानव सेवा में कार्यरत शहर के बसेड़ी रोड स्थित अपना घर आश्रम में भर्ती कराया है। अपना घर सेवा समिति बाड़ी के संरक्षक विष्णु महेरे ने बताया कि बसेड़ी से समाजसेवी रवि गोयल द्वारा बसेड़ी में कई दिन से लावारिस घूम रहे विमंदित प्रभुजी को अपना घर आश्रम बाड़ी में सेवा और उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार और सेवा निशुल्क होगी। युवा समाजसेवी रवि गोयल ने बताया कि कस्बे वासियों द्वारा सूचना मिली कि एक विमंदित व्यक्ति लावारिस हालात में बाजार में घूम रहा है, जिसकी तलाश करने पर डीसी मार्केट के समीप बारिश में भीगते हुए रेस्क्यू किया गया। जिस पर अपना घर समिति संरक्षक सुनील गर्ग व विष्णु महेरे से संपर्क कर पार्षद लोकेश सोनी के सहयोग से अपना घर आश्रम बाड़ी में भर्ती कराया गया। रवि गोयल व लोकेश सोनी ने कहा कि अपना घर समिति के द्वारा पीड़ित दीन दुखियों की सेवा निस्वार्थ भाव से की जा रही है जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है इसलिए सभी को मानव सेवा में सहयोग करना चाहिए।

## ग्राम वासियों ने किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** ग्राम बल्लाना मे नवयुवक मंडल द्वारा अलवर सांसद व भारत सरकार मे मंत्री भूपेंद्र के जन्मदिन के उपलक्ष में पौधे लगाए गए। कार्यक्रम संयोजक अमित कश्मीर ने बताया कि ग्राम बल्लाना में अनेको स्थान पर वृक्षारोपण किया गया ।वर्तमान स्थिति को देखते हुए पौधे लगाना बहुत ही आवश्यक है । नई समाज सेवी सुधीर रैना ने बताया पौधे लगाना व उनको सुरक्षित रखना यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम के दौरान प्रदीप वर्मा, राजेंद्र वर्मा ,अशोक वर्मा राम प्रसाद, विक्रम कुमार,अनिल कुमार,किशोरी कश्यप, राजीव रैना आदि लोग उपस्थित रहे ।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाभियान का आगाज : जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व विधायक हंसराज पटेल ने बच्चों को पोलियो की खुराक

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो महाभियान का रविवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल व कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल द्वारा राजकीय सरदार जनाना अस्पताल कोटपूतली के आदर्श बूथ पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान हेतु 1461 बूथ बनाये गये है। जिन पर कुल 150401 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं सुपरविजन के लिए 171 सुपरवाईजर लगाये गये है। इस मौके पर विधायक पटेल व जिला कलक्टर ने पल्स पोलियो अभियान की व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने आमजन से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की। इस मौके पर अतिथियों द्वारा राजकीय सरदार जनाना अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, आरसीएचओ डॉ. अरविंद अग्रवाल, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रमोद सिंह भदौरिया व डॉ. जयभगवान यादव, बीसीएमओ डॉ. पूरणचंद गुर्जर, डीएनओ रविकांत जांगिड़, डॉ. दिलीप पंवार, बीपीएम विजय तिवाड़ी, पार्षद मनोज गौड़, एआरजी मनोज गुर्जर व संजय मुक्कड़ , महेन्द्र कुमार शर्मा, ख्यालीराम, राजवीर गुर्जर, महेन्द्र कुमार स्वामी, प्रेमप्रकाश सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

**कोटपूतली में 21905 बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक :** बीसीएमओ डॉ. पूरणचन्द गुर्जर ने बताया कि खण्ड के अधिन 420 बूथों पर 840 टीकाकर्मियों, 10 ट्रांजिट टीम, 53 मोबाईल टीम एवं 55 सुपरवाईजरों के द्वारा कुल 45679 बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के प्रथम दिन रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के कुल 21905 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। बीसीएमओ ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान में श्री कृष्णा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के निदेशक दीपक शर्मा, राजेश कसाना व पप्पु गुर्जर का बूथों पर मैन पॉवर की उपलब्धता में सहयोग प्रदान किया गया। वहीं सरस्वती नर्सिंग कॉलेज द्वारा भी उक्त अभियान में सहयोग दिया गया। वहीं एसडीएल लैब के योगेश व रामकिशन द्वारा जनाना अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण हेतु पौधे उपलब्ध करवाये गये। पार्षद मनोज गौड़ ने खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का कायाकल्प करवाये जाने पर बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर का अभिनंदन किया गया। वहीं डॉ. गुर्जर ने संस्था परिसर में नियमित साफ-सफाई के लिये पार्षद मनोज गौड़ का आभार जताया।


### भामाशाहों ने भेंट की सीबीसी मशीन

भामाशाह पवन कटारिया, रोहिताश सैनी द्वारा दो ऑटोमोटिव सीबीसी मशीन मय रीजेंट भेंट की गई है, जो सीएचसी नारेहड़ा व राजकीय सरदार जनाना अस्पताल में लगाई जायेगी। जिनका रविवार को विधायक हंसराज पटेल व जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल द्वारा उद्घाटन किया गया।

## कोटा में पर्यटन विकास के लिए प्रयास करें सरकार : धारीवाल

विश्व स्तरीय चंबल रिवर फ्रंट समेत अन्य पर्यटन प्रोजेक्ट्स की अनदेखी कोटा की अर्थव्यवस्था के लिए घातक

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** कोटा में पर्यटन विकास की भरपूर संभावनाएं हैं पिछली कांग्रेस सरकार ने कोटा को कोचिंग नगरी के साथ-साथ पर्यटन नगरी के क्षेत्र में भी देश और दुनिया में पहचान बनाने के लिए विश्व स्तरीय पर्यटन के प्रोजेक्ट्स को जमीन पर उतारा चंबल रिवर फ्रंट सहित अन्य पर्यटन विकास के प्रोजेक्टस को मौजूदा सरकार राजनीति से ऊपर उठकर पर्यटन विकास के क्षेत्र में कार्य करें तो कोटा के आर्थिक विकास को पंख लगेंगे शहर की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी लेकिन जब से सरकार बदली है भाजपा सरकार कोटा में पर्यटन विकास को लेकर कोई प्लान नहीं बना रही। पूर्व मंत्री और कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल ने बयान जारी कर कहा है कि कोटा में सिर्फ पर्यटन स्थलों का प्रचार प्रसार , रखरखाव सुचारू करना है अकेले चंबल रिवर फ्रंट ही कोटा की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है इसके अलावा पिछली कांग्रेस सरकार के वक्त कोटा को पर्यटन नगरी बनाने के लिए हेरिटेज के साथ-साथ आवागमन सहित अन्य सुविधाओं को देसी विदेशी पर्यटकों की सुविधाओं के मध्य नजर विकसित किया गया था। लेकिन जब से सरकार बदली है विकास कार्यों की अनदेखी की जा रही है जो शहर की जनता के साथ कुठाराघात हैं।

**हमारी एक इंजन कि सरकार ने कोटा के स्वरूप को बदला :** पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने भाजपा नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी कहती है कि अब डबल इंजन की सरकार है लेकिन डबल इंजन की सरकार के पास कोटा को डेवलप करने का कोई प्लान नहीं है जबकि हमारे कांग्रेस सरकार ने हर कार्यकाल में कोटा को विकास के पायदान पर आगे बढ़ाया । उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अब डबल इंजन की सरकार कोटा के विकास को आगे बढ़ाएं पर्यटन विकास के लिए प्रोजेक्टस लेकर आये इसके साथ ही रोजगार के क्षेत्र में भी कृषि आधारित इंडस्ट्री आईटी सेक्टर से संबंधित इंडस्ट्रीज को कोटा में स्थापित करें ताकि कोटा कोचिंग नगरी के साथ पर्यटन नगरी और आईटी के क्षेत्र में अपनी पहचान बना सके।

## इस भीषण गर्मी ने रोटरी क्लब अलवर फोर्ट ने पाँच लाख लीटर पानी से जनता की बुझाई प्यास

युवाओं का क्लब है रोटरी क्लब अलवर फोर्ट पहले भी कर चुका है जल सेवा




बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( रूपक शर्मा )।** सेवा करने का जज्बा हो तो उम्र आढ़े नहीं आती है। जी हां मौज मस्ती करने वाले युवाओं की टीम जाकि रोटरी क्लब अलवर फोर्ट से जुडी हुई है ऐसे में इन युवाओं ने अलवर शहर में भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकते लोगों को देखा और फैसला किया कि टैंकरों की मदद से शहर के उन हिस्सों तक पानी पहुँचाऐंगे जहां पानी नहीं आता है या फिर लोग गरीब तबके से हैं। ऐसे में पूरे एक माह तक यानि 1 जून से 30 जून तक रोटरी क्लब अलवर फोर्ट की टीम ने कच्ची बस्तियों में जाकर लोगों की जल सेवा की। लोग कच्ची बस्तियों में जहां सरकारी टैंकरों से जलापूर्ति नहीं हो पाती थी वहां क्लब के टैंकर का इंतजार करते थे। बुजुर्ग महिलाओं ने इसके इस पुनित कार्य के लिए इन्हे मन से आर्शिवाद दिया है। क्लब के सचिव अमित जैन ने बताया कि क्लब अध्यक्ष अर्पित गुप्ता के सहयोग से इस गर्मी में एक महीने में लगभग 86 टैंकरों की मदद से लगभग पाँच लाख लीटर पानी जनता की सेवा में दे चुके हैं। पूरी टीम का भरपूर सहयोग रहा था।

गौरतलब है कि तीन साल पहले भी इसी क्लब ने शहर में जलसेवा का बीड़ा उठाया था जब रोटरी क्लब के अध्यक्ष युवा समाजसेवी अभिषेक तनेजा थे। ऐसे में पूरे एक माह तक टैंकरों की मदद से लोगों तक पानी पहुँचाया गया था।

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध में झुंझुनूं अव्वल

बाल नशा मुक्ति की प्रभावी रोकथाम के लिए जिले को मिला राष्ट्रीय पुरुस्कार

बढ़ता राजस्थान



**झुन्झुनू ( नि.स. )।** जिले को बाल नशा मुक्ति की प्रभावी रोकथाम के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रविवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंबालाल मीणा एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ पवन पूनिया ने यह सम्मान प्राप्त किया । उल्लेखनीय है कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग देश में एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर नाबालिग बच्चों को नशीली दवाओं के सेवन से बचा रहा है। नशीली दवाओं के सेवन को रोकने के लिए जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने प्रभावी कदम उठाये और उसका परिणाम रहा कि नशीली दवाओं की रोकथाम और जागरूकता के मामले में जिला पूरे देश में अव्वल रहा।

### देशभर में अव्वल रहने के लिए की उठाए गए प्रभावी कदम

- जॉइंट एक्शन प्लान ऑन प्रीवेंशन ऑफ़ ड्रग्स एंड सब्सटेंस एब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफकिंग के क्षेत्र में जिले द्वारा ज्वाइंट एक्शन प्लान तैयार करना
- कलेक्टर द्वारा ज्वाइंट एक्शन प्लान की नियमित मॉनिटरिंग, सभी विभागों का लक्ष्य निर्धारित करना तथा उनकी अनुपालना करवाना
- कोटपा एक्ट और जे जे एक्ट की अनुपालना
- शिक्षणिक संस्थाओं में नशा मुक्ति के लिए जन जागरूकता पैदा करना
- शैक्षणिक संस्थाओं में चाइल्ड राइट क्लब एवं प्रहरी क्लब का गठन करवाना
- जिले की सभी संस्थाओं से 9 इंडिकेटर की पालन करवाना
- बच्चों में नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए समय-समय पर जन जागरूकता अभियान संचालित करना ।

# प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के आव्हान पर एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के आव्हान पर एवं विधायक सुरेश धाकड़ ,जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, जिला महामंत्री रघु शर्मा, जिला संयोजक सी पी नामधराणी के निर्देशानुसार भाजपा नगर मंडल रावतभाटा द्वारा एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया। नगर मंत्री एवं एक पौधा मां के नाम की नगर संयोजक विनीता अग्रवाल और सहसंयोजक हर्ष जैन ने बताया कि इस अभियान के तहत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती तक 370 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य धरती मां को हरा भरा बनाना है। अभियान की शुरुआत में पौधारोपण राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय रावतभाटा में किया गया।

**इस अवसर पर नगर मंडल भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता :** किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ,नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा ,नगर महामंत्री रामेश्वर चौधरी, नगर उपाध्यक्ष आरडी शर्मा ,नगर उपाध्यक्ष आनंद नगर, नगर प्रचार सूचना प्रमुख मनीष गिरी, नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष रौनक चौधरी नगर युवा महामंत्री विष्णु राठौर, नगर युवा मोर्चा उपाध्यक्ष कृष्णा सोनी ,नगर मंडल मंत्री लाल देराश्री ,नगर मंडल कोषाध्यक्ष गोवर्धन सिंह, कार्यालय प्रमुख मनोज कुमार, मंत्री रईस अहमद, जसवीर चौधरी, हर्ष जैन आईटी संयोजक अविनाश मित्तल, पप्पू पंडित, महेंद्र जी त्यागी, पंकज सिंह ,शाहिद अली, भव्य शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

## हल्की बारिश से कपासन क्षैत्र को गर्मी एवं उमस से राहत मिली

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र में रविवार को दिनभर गर्मी एवं उमस के बाद सांयकाल मौसम में अचानक हुवे परिवर्तन के चलते बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई।हल्की बारिश से क्षैत्र के मार्ग भीग गए तथा आमजन एवं समीपवर्ती ग्रामीण अंचल से आगंतुक राहगीर व ग्रामीणजन मौसम परिवर्तन होते ही आनन-फानन में बाजारों से आवश्यक कार्य करके अपने गंतव्य की और निकल पड़े।क्षैत्र में अचानक हुवे मौसम परिवर्तन से चहुंओर ठंडक का संचार होने से मौसम खुशनुमा हो गया।साथ ही आमजन को गर्मी एवं उमस से कुछ राहत मिली।

## उप चुनाव हुए शांति पूर्ण संपन्न, 52.27 प्रतिशत हुआ मतदान

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. ) ।** पंचायत समिति के वार्ड नं.17 के सद्स्य पद के लिए उपचुनाव को लेकर रविवार को मतदान हुआ। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक हुआ जिसमें कुल 52.27 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना आज 9 बजे से पंचायत समिति कार्यालय पर होगी।आपकों बता दे कि पंचायत समिति के वार्ड नं.17 के सद्स्य के निधन के कारण सीट खाली हो गई थीं। जिसको लेकर रविवार को सद्स्य पद के लिए मतदान हुआ है। उप चुनाव के लिए 10 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिसमें 7856 कुल मतदाता थें।चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के खास इंतजाम किए गए तों वहीं मतदान केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। सद्स्य पद के लिए कांग्रेस और भाजपा में आमने सामने टक्कर है।

## मकान नपाई को लेकर ठेकेदार और मजदूर में हुई मारपीट

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. ) ।** कस्बें में मकान बनाने वाले ठेकेदार और मजदूर के बीच मकान की नपाई को लेकर मारपीट हो गई। जिससे मजदूर के सिर में गंभीर चोट लगने पर मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसको ईलाज के लिए बानसूर उप जिला अस्पताल लाया गया जहां से उसे कोटपुतली रैफर कर दिया । घटना बानसूर के हरसौरा रोड़ गुर्जर छात्रावास के पास की है। मजदूर ने बताया कि हमारा मकान के प्लास्टर का काम खत्म हो गया था। जिसको लेकर ठेकेदार विजय यादव से प्लास्टर की नपाई के लिए कहा गया इसको लेकर ठेकेदार ने गाली गलौज कर दी।

## सम्पादकीय

### साइबर क्राइम : बेरोजगारी बढ़ा रही पढ़े लोगों को अपराध की तरफ

देश और प्रदेश में साइबर क्राइम का बहुत तेजी से विस्तार हो रहा है। पुलिस एक साइबर क्राइम के पैटर्न को तोड़ती है तो दस नए तरीके तैयार हो जाते हैं। इसमें लोग बड़ली तादाद में ठगी का शिकार हो रहे हैं। आम आदमी की तो बात ही छोड़ दें हाल ही में राजस्थान के जयपुर में एक बैंक मैनेजर स्तर की महिला अधिकारी से ही सत्रह लाख रुपए की ठगी कर दी गई। 18 जून को मध्यप्रदेश के भोपाल की साइबर क्राइम पुलिस ने निवाड़ी से आशीष यादव नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया। आशीष अपने गैंग के साथ मिलकर सस्ते आईफोन बेचने के नाम पर 100 से ज्यादा लोगों के साथ फ्रॉड कर चुका था। साइबर क्राइम में पकड़े जा रहे अपराधी सभी पढ़े लिखे हैं। राजस्थान में अलवर और भरतपुर के मेवात इलाके में साइबर क्राइम तो एक इंडस्ट्री की तरह फलफूल रहा है। जितनी पुलिस की कार्रवाई है उससे हजारों गुणा अधिक बेरोजगार युवा अपराध के इस दलदल में हर दिन कूद रहे हैं। नौकरी करने के बजाय ये युवा जल्दी और ज्यादा पैसा कमाने के लिए फ्रॉड के इस तरीके को अपना रहे हैं। भोपाल साइबर क्राइम ब्रांच में फ्रॉड की कई शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से 51 मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की। इनमें जितने आरोपी पकड़े गए, उनमें से 50 फीसदी ग्रेजुएट हैं। आखिर साइबर क्राइम में पढ़े-लिखे युवाओं की संख्या क्यों बढ़ रही है? इन आंकड़ों का क्या बढ़ती बेरोजगारी के आंकड़ों से कुछ संबंध है? जानकारों के अनुसार बेरोजगारी और क्राइम का सीधा संबंध है। ज्यादा पैसा कमाने की चाह और लाइफ स्टाइल मेंटेन करने के लिए भी युवा साइबर फ्रॉड को अंजाम दे रहे हैं। एक मामला इंदौर का है। क्राइम ब्रांच को शिकायत मिली थी कि इंदौर से ऑक्टा ट्रेडिंग के नाम से एक फर्जी वेबसाइट संचालित हो रही है। इसके जरिए शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करने वाले ग्राहकों का नंबर ऑनलाइन हासिल कर उनके साथ फ्रॉड किया जा रहा है। ट्रेडिंग करने वालों को विदेशी करेंसी में इन्वेस्टमेंट कर ज्यादा मुनाफे का लालच दिया जाता था। पुलिस ने जब इंदौर में छापा मारा तो निपानिया के रहने वाले 19 साल के आयुष ठाकुर और 21 साल के नितिन ठाकुर और पृथ्वी सिंह को गिरफ्तार किया। नितिन और पृथ्वी दोनों ग्रेजुएट हैं। आयुष और नितिन ग्राहकों को कॉल करके संपर्क करते थे। उन्हें फर्जी वेबसाइट पर डीमैट अकाउंट खोलने और इन्वेस्टमेंट के नाम पर रुपए खाते में डालने का काम करते थे। पृथ्वी सिंह वेबसाइट के मेंटेनेंस का काम देखता था। आरोपियों ने बताया कि वे शेयर मार्केट की वेबसाइट से ट्रेडिंग करने वालों के नंबर निकालते थे। ऑनलाइन विदेशी करेंसी में बल्क ट्रेडिंग करने के नाम पर उनका ऑक्टा ट्रेडिंग वेबसाइट पर डीमैट अकाउंट खुलवाते थे। एक और तरीका देखिए एक महिला ने इंटीग्रेटी मोबाइल नाम के पेज पर आईफोन का एक विज्ञापन देखा। जिसमें सस्ते दामों पर आईफोन दिया जा रहा था। युवती ने एक मोबाइल बुक किया। इसके बाद वॉट्सऐप के जरिए युवती से बुकिंग अमाउंट के साथ कस्टम ड्यूटी और रीफंड के नाम पर 1 लाख 90 हजार ठग लिए। पुलिस ने इन्वेस्टिगेशन किया तो पता चला कि निवाड़ी जिले से पूरा सिस्टम ऑपरेट किया जा रहा था। गिरोह के सभी सदस्यों का काम बंटा हुआ था। आशीष यादव इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देने का काम करता था। फर्जी बिल वो ही तैयार करता था। अंकित नामदेव का काम फर्जी खाते खुलवाना था। पकड़े गए आरोपियों में से 3 ग्रेजुएट हैं। बेरोजगारों को इस तरह अपराध के दलदल में उतरना देश के लिए बहुत चिंताजनक स्थिति है।

# लोकसभा चुनाव में राजस्थान भाजपा में डाउन फॉल की खुल रही है परते!

**लोकसभा चुनाव में भाजपा राजस्थान में ग्यारह सीटों पर सिमट कर रह गई थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा और मोदी का जादू नहीं चला। तमाम दिग्गज नेताओं का हालत खराब हो गई। कई दिग्गज नेताओं की साख भी दांव पर लगीं हुई थी। आपको बता दें कि मोदी सरकार 3.0 में कोटा सांसद ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। बिड़ला का लगातार दूसरी बार इस पद पर काबिज होना राजस्थान में बदलाव की राजनीति की तरफ इशारा कर रहा है, वहीं विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश की राजनीति में बड़े परिवर्तन देखने को मिले हैं।**

अशोक भाटिया



हाल ही में राजस्थान के उदयपुर पहुंचीं पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे ने एक ऐसा बयान दे दिया, जिसकी सियासी गलियारों में चर्चा तेज है। सुंदर सिंह भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित विशिष्ट जन सम्मान समारोह और व्याख्यान माला कार्यक्रम को वसुंधरा राजे संबोधित कर रही थी।उस दौरान उन्होंने कहा कि सुंदर सिंह भंडारी ने चुन-चुनकर लोगों को भाजपा से जोड़ा। सुंदर सिंह भंडारी ने एक पौधे को वृक्ष बनाया। उन्होंने संगठन को मजबूत करने का काम किया। कार्यकर्ताओं को ऊंचा उठाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि भंडारी जी ने राजस्थान में भैरोंसिंह शेखावत सहित कितने ही नेताओं को आगे बढ़ाया, लेकिन वफा का वह दौर अलग था। तब लोग किसी के किए हुए को मानते थे, लेकिन आज तो लोग उसी अंगुली को पहले काटने का प्रयास करते हैं, जिसको पकड़ कर वह चलना सीखते हैं। अब वसुंधरा राजे के इस बयान के बाद तमाम तरह के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। चर्चा है कि राजस्थान विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह से वसुंधरा राजे और पार्टी नेतृत्व के बीच तल्खी देखने को मिली थी, उसकी परते खुलने लगी हैं। चुनाव के दौरान मन में जो कसक थी, वो अब धीरे-धीरे बयानों के जरिये सामने आ रही है। कार्यक्रम में असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया भी मौजूद रहे। राजे ने कहा कि गुलाबचंद कटारिया ने चुन-चुनकर लोगों को भाजपा से जोड़ा है। कटारिया अब असम के महामहिम हैं, लेकिन वह दूर रहकर भी हम लोगों के पास है और ख्याल रखते हैं। दरअसल राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट बंटवारे को लेकर वसुंधरा राजे और गुलाबचंद कटारिया के बीच भी तल्खी की खबरें सामने आयी थी। इसके अलावा चुनावी नतीजों के बाद पार्टी आलाकमान ने राजे को नजरअंदाज करके भजनलाल शर्मा को राज्य के मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप दी थी। ऐसे में दबे स्वर में ही सही भाजपा शीर्ष नेतृत्व और वसुंधरा राजे के बीच मनमुटाव की खबरें गाहे-बगाहे सुर्खियां बनती रही हैं।

पहले प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बड़ा पावर सेंटर हुआ करती थीं। लेकिन अब समीकरण पूरी तरह से बदल गए हैं। अब एक पावर सेंटर बतौर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हैं। इससे अलग लोकसभा अध्यक्ष बिरला प्रदेश में नए पावर सेंटर के रूप में नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि बिरला की गिनती मोदी-शाह के नजदीकी नेताओं में होती है। दरअसल, राजस्थान की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा को नजरअंदाज करने का दौर चल रहा हैज् वसुंधरा राजे को चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री फेस घोषित नहीं किया। इसके बाद उनके बेटे दुष्यंत सिंह को मोदी कैबिनेट में जगह नहीं मिली है। लगातार नजरअंदाज किए जाने का दर्द हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा की जुबान पर भी आ गया। आपको बता दें कि वसुंधरा राजे विधानसभा चुनाव के बाद से ही प्रदेश में ज्यादा सक्रिय नहीं हैं। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान भी वे केवल अपने बेटे दुष्यंत के लोकसभा क्षेत्र झालावाड़ तक ही सीमित रहीं। प्रदेश में स्टार प्रचारक की सूची में शामिल होने के बावजूद राजे झालावाड़ के अलावा एक या दो जगह ही प्रचार के लिए पहुंची थीं। जिसको लेकर राजनीतिक जानकारों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के बाद से राजे का कोई भी राजनीतिक बयान सामने नहीं आया था। लेकिन लंबे समय बाद अब राजे ने चुप्पी तोड़ी हैज् इस बयान के जरिए राजे उनके संरक्षण में आगे बढ़ने वाले नेताओं को निशाने पर लिया है। वहीं राजस्थान के सियासी जानकारों का कहना है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी कभी वसुंधरा राजे के नजदीकियों में हुआ करते थे। इन्हीं नजदीकियों के चलते पहली बार विधायक बनने पर ही बिरला वसुंधरा सरकार में संसदीय सचिव बनने में सफल रहे। वहीं जल्द ही बिरला ने दिल्ली में बेहतर संबंधों के आधार पर अपना अलग वजूद बना लिया।और 2023 में वसुंधरा के मुकाबले मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में गिने जाने लगे। अब वे प्रदेश के राजनीति में वसुंधरा के बराबरी में आकर खड़े हो गए हैं,और वे एक नए पावर सेंटर बनकर उभरे हैं।

वहीं प्रदेश की राजनीति में भविष्य के निर्णयों में अब बिरला की अहम भूमिका होगी। इसके संकेत खुद गृहमंत्री अमित शाह ने 20 अप्रैल को कोटा की रैली के दौरान दिए थे। शाह ने कहा था कि आप ओम बिरला को संसद भेज दो, बाकी जिम्मेदारी हमारी है। बिरला के पदग्रहण के साथ ही प्रदेश में नए राजनीतिक समीकरणों के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ समेत कई नेता उन्हें बधाई देने दिल्ली पहुंचे। आपको बता दें कि बिरला 2003 से अब तक तीन बार विधानसभा। और तीन बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। पीएम मोदी की पसंद और लोकसभा अध्यक्ष के तौर पर पिछले कार्यकाल के बेहतर परफॉर्मेंस को देखते हुए बिरला को दोबारा मौका मिला है। पीएम मोदी संसद में दिए भाषण में भी ओम बिरला की तारीफ कर चुके हैं। बिरला लगातार दूसरी बार स्पीकर बने हैं। यह पांचवी बार है जब कोई स्पीकर एक लोकसभा के कार्यकाल से अधिक इस पद पर रहेगा। वहीं राजनीतिक जानकारों का कहना है कि राजस्थान के हाड़ौती की दोनों लोकसभा सीटों पर भाजपा को जीत मिली है।

विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा को हाड़ौती में कम नुकसान हुआ था। इसलिए 61 साल के ओम बिरला को दोबारा लोकसभा अध्यक्ष जैसा महत्वपूर्ण संवैधानिक पद देकर एक बड़ा संकेत दिया है। अभी तक हाड़ौती क्षेत्र से वसुंधरा राजे बड़े नेता के तौर पर जानी पहचानी जाती थीं। वहीं बिरला इस बार बड़े मुश्किल से चुनाव जीतकर आए हैं और उन्हें 50 हजार से कम वोटों से जीत मिली है, जबकि, पिछली बार 2.5 लाख वोटों से जीत मिली थी। इसलिए इस बार उनकी असल परीक्षा थी। आपको बता दें कि हाड़ौती में अभी तक वसुंधरा राजे को बड़ा नेता माना जा रहा था। लोकसभा अध्यक्ष बनने के बाद ओम बिरला अब इस क्षेत्र के बड़े नेता बनकर उभरे हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में राजस्थान की पूरी राजनीति बदल जाएगी और हाड़ौती क्षेत्र में विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में जो भी भितरघात हुआ था अब उसे ठीक करना भी बिरला के जिम्मे होगा। दूसरी तरफ, राजे के कई समर्थक विधायक अभी भी बगावत के सुर बुलंद कर रहे हैं, उन्हें संभालना भी पार्टी के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा।आपको बता दें कि भाजपा और नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के बाद बसुंधरा राजे से किनारा कर लिया है जिससे राजे को बहुत ठेस पहुंचा है। वहीं अब राजे आने वाले दिनों में क्या फैंसला करती है। यह तो आने वाला वक्त तय करेगा। पर अब यह तय है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा राजस्थान में डाउन फाल की परते धीरे-धीरे खुल रही है।

## शख्सियत



अख्तर हुसैन
( एमईएस )

नमस्कार दोस्तों आज हमारी शख्सियत कॉलम के सुपर डुपर स्टार हैं सन 1970 में अलवर में जन्मे अख्तर हुसैन। 25 दिसंबर 1981 का दिन अख्तर और उनके परिवार के लिए सच में कयामत का दिन था। महज 11 साल की उम्र में अब्बू अचानक अल्लाह को प्यार हो गए। अपने 3 साल के छोटे भाई अनवर और 15 साल की बहन रशीदा की जिम्मेदारी महज 11 साल के सब अबोध बालक के कंधों पर आ गई। इतना छोटा बालक जिसकी उम्र खेलने कूदने की मौज मस्ती की और पढ़ाई लिखाई करने की होती है उसे काम धंधा ढूंढना पड़ा। अपनी मां अपने भाई और बहन की परवरिश के लिए अख्तर एक स्कूटर की दुकान पर जा लगा जहां उसे दुकान मालिक 5 रु. हर सप्ताह देते थे। यूँ तो पिताजी की पेंशन मां को मिलती थी पर उस जमाने में तनख्वाह भी कम होती थी तो 116 रुपए मां की पेंशन मिलती जो कि परिवार का भरण पोषण और बच्चों की परवरिश के लिए काफी कम थी। इसलिए अख्तर के नन्हे हाथ भारी भरकम ओजारो पर चले, हाड़ कपकपाने वाली कड़ाके की ठंड में जब लोग रजाई में दुबके रहते तब ये बालक सर्विस की गाड़ियों को धोता था,तेज गर्मी में जब लोग कूलर पंखों का सहारा लेते तब ये बालक आग में तप रहे औजारों से खेलता था और दो साल बाद नन्हा किशोर अख्तर हैड मिस्त्री बन गया। संघर्ष के थपेड़ों ने अख्तर को कुंदन बना डाला जिसने परिवार की परवरिश की बहन की शादी की। लंबे संघर्ष के बाद पिताजी की जगह सन 2002 में एमईएस में नोकरी लगी। आज हमारे अख्तर भाई एमईएस( मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस) ईटाराना में रेफ्रिजरेशन डिपार्टमेंट में काम करते हैं। दोस्तों सही मायने में ऐसे लोग ही शख्सियत हैं जिन्होंने अपने उन संघर्ष के दिनों में अपना आत्मविश्वास नहीं खोया बल्कि आत्मविश्वास और कर्तव्य निष्ठा के पद पर चले। अख्तर भाई बहुत सरल, सहज, ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ और लास्ट में कहूंगा कि यारों के यार हैं। अच्छे वक्त में खड़े हो ना हो पर बुरे वक्त में ये हमेशा खड़े रहते हैं। दु:खी लोगों की सेवा करना इनकी सच्ची इबादत है। पेड़ पौधों का रख रखाव करना,उन्हें पानी देना इनके शौक हैं। मैं व्यक्तिगत इन्हें जानता हूं समय चाहे कैसा भी हो हमेशा मुस्कान चेहरे पर बनाए रहते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

## आज का इतिहास

### 1 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मैसूर के सुल्तान हैदर अली और अंग्रेज सेना के बीच पोर्टो नोवो (अब परांगीपेट्टई) का युद्ध 1781 में हुआ।
- 1 जुलाई, 1852 को सिन्ध के मुख्य आयुक्त सर बर्टलेफ्रोरे द्वारा सिर्फ़ सिंध राज्य में और मुंबई कराची मार्ग पर प्रयोग के लिए ' सिंध डाक ' नामक डाक टिकट जारी किया गया।
- कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन 1862 में हुआ।
- कनाडा यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन 1878 में शामिल हुआ।
- भारत में 1879 को पोस्टकार्ड की शुरुआत हुई।
- 1881 में आज ही के दिन टेलीफोन पर पहली बार इंटरनेशनल कॉल की गई।
- कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना की स्थापना 1921 में हुई।
- मुहम्मद अली जिन्ना ने 1948 में पाकिस्तान के सेंट्रल बैंक का उद्घाटन किया
- त्रावनकोर-कोचीन राज्य 1949 में बना दिया गया किंतु मालाबार मद्रास प्रांत के अधीन रहा।
- इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया का 1955 में राष्ट्रीयकरण कर इसे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नाम दिया गया।
- यूएस पोस्ट ऑफिस ने 1963 में जिप कोड प्रणाली को लागू किया।
- भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना 1964 में हुई।
- तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1975 में राष्ट्रीय विकास के लिए 20 सूत्रीय कार्यक्रमों की घोषणा की।
- इलेक्ट्रानिक उपकरण बनाने वाली कंपनी सोनी ने 1979 में वाकमैन पेश किया।
- न्यूयॉर्क में खेल को 1987 में समर्पित स्टेशन 'डब्लूएएफएन' स्थापित किया किया।
- पूर्वी एवं पश्चिमी जर्मनी के बीच सीमा रेखा की समाप्ति एवं पश्चिमी जर्मनी की मुद्रा को पूर्वी जर्मनी में 1990 को मान्यता मिली।
- बारसा संधि 1991 में भंग की गयी।
- यासर अराफात 1994 में 27 साल के निर्वासन के बाद स्वदेश वापस लौटे थे।
- रोमान हर्जोग द्वारा जर्मनी के नये राष्ट्रपति के रूप में 1994 को शपथ ग्रहण की।
- सं.रा. अमेरिका ने 1995 में ताईवान के ख़िलाफ़ लगाये गये प्रतिबंध को हटाया।
- ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी प्रांत में 1996 को स्वेच्छा मृत्यु क़ानून विश्व में पहली बार लागू।
- ब्रिटिश सरकार ने 1997 में हांगकांग का शासन चीन को सौंपा था।
- देश की पहली साइंस सिटी 1997 को कोलकाता में स्थापित की गई।
- लार्ड्स के 100वें ऐतिहासिक टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने 2000 में वेस्टइंडीज को हराया।
- समुद्र में 2003 को सबसे गहराई तक जाकर विश्व कीर्तिमान बनाने वाली जापानी पनडुब्बी प्रशांत महासागर में लापता।
- आसियान ने 2004 में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद से निपटने हेतु ऑस्ट्रेलिया से समझौता किया।
- एशियाई युवा शतरंज चैम्पियनशिप में भारत ने 2006 में 8 स्वर्ण जीते।
- अमेरिकी संसद की समितियों ने 2006 में भारत-अमेरिकी परमाणु समझौते को मंजूरी प्रदान की।

विशेष आलेख

# सोनाक्षी और इकबाल की शादी रोमांचक किंतु चुनौतीपूर्ण होते हैं ऐसे विवाह

अनुज अग्रवाल



शादी कहने को तो निजी मामला है पर हिंदू धर्म और सनातन संस्कृति में यह स्त्री एवं पुरुष के शारीरिक संबंधों को सामाजिक स्वीकृति से अधिक सामाजिक, आत्मिक एवं आध्यात्मिक आयाम लिए हुए है। भारत में विवाह दो व्यक्तियों का नहीं दो परिवारों का होता है। ऐसे में हिंदू फ़िल्म अभिनेत्री सोनाक्षी अगर एक मुस्लिम युवक इकबाल से विवाह बंधन में बंधे तो यह केवल चर्चा का मुद्दा बन जाता है बल्कि अनेक विवादों को भी जन्म दे देता है।

शुद्ध हिन्दुवादियों के लिए लव जिहाद का एक उदाहरण है जिसमें अनुमान लगाए जा रहे हैं कि यह एक कॉन्ट्रैक्ट मैरिज जैसा भी कुछ पका है (जिसके लिए सोनाक्षी को बड़ी रक़म जिहादियों द्वारा दी गई है) जो तीन साल बाद समाप्त हो जाएगी किंतु इससे प्रेरित होकर हज़ारों हिंदू युवतियाँ मुस्लिम युवकों से शादी करने के लिए प्रेरित हो सकती हैं और लव जिहाद की शिकार हो सकती हैं। कट्टर मुस्लिम और जिहादी भी इस विवाह को इसी रूप में ले रहे हैं और इसको इस्लाम की जीत बता रहे हैं। मध्यममार्गी हिंदुओं के अनुसार इस विवाह में कुछ गलत नहीं है। दोनों सोनाक्षी एवं इकबाल कई वर्षों से एक दूसरे को जानते थे और प्यार करते थे। स्वाभाविक है एक दूसरे की कमज़ोरियों एवं ताकत का उनको अंदाज़ा होगा ही। दोनों के परिवार भी एक दूसरे से अच्छी तरह परिचित हो चुके होंगे और दो धर्मों के युवक युवती के इस विवाह की चुनौतियों को गहराई से समझते होंगे। फिर इस विवाह में सोनाक्षी ने ना तो धर्म बदला और ना ही मुस्लिम रीति रिवाजों से शादी की है। वे कोर्ट मैरिज के माध्यम से इक़बाल से जुड़ी हैं और आज भी हिंदू हैं। यद्यपि उनके विवाह को इस्लाम में निकाह ही समझा जाएगा और उसी के अनुरूप उनको आचरण करना होगा। अगर गहराई से देखें तो जीवन शैली एवं आचरण में न तो सोनाक्षी पूर्ण रूप से सनातनी हैं और न ही इकबाल इस्लामिक। दोनों परिपक्व वयस्क हैं तथा सफल व्यावसायिक जीवन जी रहे हैं। दोनों नारीवादी सोच, किसी हद तक स्वतंत्र सोच एवं जीवन जीने वाले, पाश्चात्य जीवन शैली एवं विचारों से प्रभावित हैं और अपना भला बुरा जानते हैं। ऐसे में वे जो कर रहे हैं वो उनका निजी मामला और क़ानूनी अधिकार है, जिस पर कोई कैसे आपत्ति कर सकता है। जिस हिंदू माता पिता को लगता है कि उनकी बेटी सोनाक्षी से प्रभावित होकर लव जिहाद का शिकार हो सकती है, या तो उसके पालन पोषण में कोई कमी हो सकती है या बच्ची को दिए गए संस्कारों में। जो हिंदू धर्म से गहराई से जुड़ा होता है वह युवक - युवती सनातन की शिक्षा व संस्कारों से जुड़ा व बंधा होता है और इन खोखले आकर्षण का शिकार नहीं होता। सोनाक्षी जैसे लोग जो खुली सोच के नाम पर कटी पतंग जैसे बन जाते हैं उनको किसी ग़ैर हिंदू से विवाह से होने वाले काल्पनिक झटकों के लिए भी स्वयं को तैयार रखना होगा क्योंकि अगर कुछ बुरा उनके साथ होता है तो उसकी ज़िम्मेदारी भी उनकी और उसके दुष्परिणाम भी उनके। निश्चित रूप से ऐसे में वो प्रहसन की पात्र भी होंगी और नितांत अकेली भी। इसलिए रोमांचक किंतु चुनौतीपूर्ण होते हैं ऐसे विवाह।

## व्यस्तता बढ़ी लेकिन सक्रियता नहीं, आज के समय में स्मार्टफोन में उलझे इंसान में घर कर रही सुस्ती की बीमारी

जब किसी व्यक्ति को सुस्त देखा जाता है, तो इसका सीधा अर्थ यही लगाया जाता है कि शायद उसकी तबीयत ठीक नहीं है या फिर वह आलसी है। मगर यह इसलिए भी संभव है कि उसकी सक्रियता में कई वजहों से कमी आ रही हो और उसका कारण कोई शारीरिक बीमारी नहीं हो। हालांकि बीमारी की वजह से अगर सक्रियता में कमी आती है तो यह भी सही है कि सक्रियता में कमी से शरीर में बीमारी घर बनाती है। विडंबना यह है कि वक्त के साथ विस्तृत होते दायरे के बीच ज्यादातर लोगों की व्यस्तता तो बढ़ी है, मगर उनकी शारीरिक सक्रियता में तेजी से कमी आई है। 'द लांसेट ग्लोबल हेल्थ' जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह उजागर हुआ है कि सन 2022 में भारत की सत्तावन फीसद महिलाएं शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं थीं, जबकि पुरुषों में यह दर बयालीस फीसद थी। अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है कि अगर मौजूदा परिपाटी जारी रही तो 2030 तक भारत में अपर्याप्त शारीरिक सक्रियता वाले वयस्कों की संख्या बढ़ कर साठ फीसद तक पहुंच जाएगी। अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसी देश की साठ फीसद आबादी अगर शारीरिक रूप से पर्याप्त सक्रिय नहीं रहे तो आने वाले वक्त में वहां आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से कैसी तस्वीर बनेगी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**वृष**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**मिथुन**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**कर्क**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

**सिंह**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**कन्या**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**तुला**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**धनु**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**मकर**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**कुंभ**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**मीन**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। सुख-शांति बनी रहेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

प्रदेश में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की शुरुआत

# किसानों की समृद्धि से ही प्रदेश और देश में आएगी खुशहाली : सीएम शर्मा

- कहा- सरकार किसान-युवा, महिलाओं और गरीब के लिए कर रही काम,
- विभिन्न योजनाओं में लाभार्थियों को ऑनलाइन बांटे करीब एक हजार करोड़ रुपए





## टोंक में हुआ राज्य स्तरीय समारोह

अजय शर्मा

**टोंक, (बढ़ता राजस्थान)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को टोंक में हुए राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की शुरुआत करते हुए एक तरह से लाभार्थियों के 'धन के भंडार' भर दिए। कार्यक्रम में स्टेज पर खड़े-खड़े ही मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर किसान सम्मान निधि सहित आधा दर्जन योजनाओं में करीब 1000 करोड़ की राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर कर दी। इसमें से अकेले 650 करोड़ रुपए तो मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों को पहली किस्त के रूप में एक-एक हजार की राशि उनके के खाते में डाली गई। डीओआइटी के हाइटेक वीसी सैटअप के जरिए प्रदेश के 50 जिले कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़े रहे और कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। स्टेज पर अतिथियों के पीछे विशाल (30 फीट लम्बी और 12 फीट ऊंची) एलइडी वॉल (स्क्रीन) लगाई हुई थी। जिस पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया था। इससे पहले 11.50 बजे टोंक आने वाले मुख्यमंत्री करीब सवा दो घंटे देरी से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस दौरान पण्डाल में बैठे लोग खासकर महिलाएं गर्मी और उमस से परेशान हो गए। मुख्यमंत्री के आने के बाद करीब एक घंटे तक स्वागत-संवाद और राशि वितरण का कार्यक्रम चला। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं और लोग उठ-उठकर जाने लगे। पार्टी कार्यकर्ताओं ने आग्रह कर उन्हें वापस बैठाया। लोगों को जाता देख मुख्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम को बीच में ही रुकवा दिया और सम्बोधन के लिए डायस पर आ गए।

**युवाओं को लुभाने की कवायद :** मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में युवाओं को किसान पुत्र के रूप में जोड़ते हुए कहा कि युवा अपना भविष्य बनाने के लिए गांव छोड़कर शहर आता है, मेहनत कर पढ़ाई करता है, नौकरी पाने से पहले पता लगता है कि पेपर तो लीक हो गया। पेपर हासिल करने वाले नौकरी पाने की दौड़ में आगे निकल रहे हैं। पिछली सरकार पेपर लीक रोकने में नाकाम रही थी। उनकी सरकार ने सख्ती की और पेपर लीक से जुड़े 100 से अधिक लोग सलाकों के पीछे है। इनके आका कितने भी बड़े और ताकतवर हो वे भी बच नहीं पाएंगे। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उनकी सरकार कलैण्डर के आधार पर नियुक्तियां-भर्ती करेगी। अभी दो दिन पहले ही उन्होंने प्रदेश के 22 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए हैं।

**सरकार के अगले कदम बताए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार...**

- बाजरे को भी एमएसपी से जोड़ेगी
- किसानों को उनकी मांग के अनुरूप दिन में बिजली दी जाएगी
- दो साल में बिजली का उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य
- प्रदेश के बांधों-तालाबों को ईआरसीपी से जोड़कर उन्हें भरा जाएगा

**'लालों' ने भी किया सम्बोधित :** मुख्यमंत्री भजन लाल से पहले कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल, ऊर्जा मंत्री हीरालाल ,जलदाय मंत्री कन्हैयालाल,सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक, किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, निवाई-पीपलू विधायक राम सहाय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता, सतीश चन्देल, जिला प्रमुख ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में डॉ किरोड़ी लाल ने मंच पर 'लालों' की मौजूदगी का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि मंच पर मुख्यमंत्री को बड़ी माला पहनाई गई, उस माला में भजनलाल सहित कई लाल मौजूद रहे। पूर्व सांसद जौनापुरिया भी 'लाल' ही है। डॉ किरोड़ी ने सुखबीर सिंह जौनापुरिया की हार का जिक्र किया और कहा कि सरकार आप लोगों के लिए काम कर रही है, ऐसे में देवली-उनियारा में विधानसभा उप चुनाव में लोकसभा वाली गलती मत कर देना। उनका इशारा भाजपा के प्रत्याशी को जिताकर भेजने का था।

**जिलाध्यक्ष मेहता की तारीफ की :** कार्यक्रम के बाद मंच से उतर कर जाने के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल ने कार्यक्रम में लोगों की भीड़ और उम्दां प्रबन्धन के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता को बधाई दी।

### किसान समृद्ध तो राजस्थान-हिन्दुस्तान समृद्ध

मुख्यमंत्री ने अपने 20 मिनट के भाषण में किसान की समृद्धि पर फोकस रखा। उन्होंने कहा कि प्रदेश और देश की डबल इंजन सरकार की पहली प्राथमिकता किसान है। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में पदभार ग्रहण करने के बाद किसान सम्मान निधि की राशि की पहली फाइल पर हस्ताक्षर करने का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली और जयपुर दोनों किसानों के लिए काम कर रहे हैं। उनका मानना है कि किसान समृद्ध होगा तो प्रदेश और देश अपने आप समृद्ध और खुशहाल हो जाएगा। किसानों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो इसके लिए ईआरसीपी योजना को लागू किया जा रहा है। इसके बाद सब जगह पानी ही पानी होगा। खासकर पूर्वी राजस्थान के दिन फिर जाएंगे। भजनलाल शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार किसान, युवा, महिलाओं और गरीब के लिए काम कर रही है।

### जलदाय मंत्री के नेतृत्व में सीएम का स्वागत-अभिनन्दन



मालपुरा संवाददाता के अनुसार मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के टोंक में हुए प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व में भारी संख्या में लाभार्थी उमड़े। मालपुरा से पहुंचे जनप्रतिनिधियो व भाजपा पदाधिकारियो ने जलदाय मंत्री के नेतृत्व में सीएम भजनलाल शर्मा की अगवानी कर स्वागत-अभिनन्दन किया। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नेतृत्व में भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन, मालपुरा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता व नगरपालिका मालपुरा के अध्यक्ष रहे एडवोकेट राजकुमार जैन व भाजपा शहा मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन ने मुख्यमंत्री शर्मा को पुष्प गुच्छ प्रदान कर व राधा गोविन्द भगवान का विशाल प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री के मंच पर पहुंचने पर मालपुरा पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने मुख्यमंत्री का अभिनन्दन कर संक्षिप्त रूप से नगर पालिका मालपुरा के बारे में जानकारी देकर व्याप्त समस्याओं के समाधान की मांग की।

# मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज संघ का निवाई में हुआ मंगल प्रवेश



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सकल दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा जैन मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज संघ का गाजे बाजे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि मंगल प्रवेश से पहले मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज संघ सहित सांगानेर के चित्रकूट कालोनी में विराजमान थे। उसके बाद वहां से चातुर्मास का टोंक में करने के लिए मंगल विहार करते हुए चाकसू व गुन्सी विज्ञा तीर्थ होते हुए निवाई पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने पादप्रक्षालन करके अगुवानी की। उन्होंने बताया निपूर्ण नन्दी महाराज वर्ष 2024 का चातुर्मास टोंक में करेंगे। इस दौरान मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज के सानिध्य में टोंक चातुर्मास आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया। विष्णु बोहरा ने बताया कि मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज राधा दामोदर सर्किल से रवाना होकर जैन नसियां मंदिर, बड़ा जैन मंदिर, बिचला जैन मंदिर, बंपुई वालों का चेत्यालय एवं शिवाजी कालोनी पारसनाथ जैन मंदिर के दर्शन कर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए अहिंसा सर्किल भगवान महावीर मार्ग होते हुए अग्रवाल जैन मंदिर पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने पादप्रक्षालन करके अगुवानी की। उन्होंने बताया कि अग्रवाल जैन मंदिर में आचार्य शांतिसागर पब्लिक स्कूल में समर कैंप लगाया गया। जिसका रविवार को मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज ने सानिध्य में समापन समारोह पूर्वक किया गया। समर कैंप के समापन पर बालक बालिकाओं को पुरस्कार सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया, सुशील नीरा जैन, महावीरप्रसाद पराणा, रामपाल चंवरिया, विष्णु बोहरा, शिखरचंद काला, महेन्द्र चंवरिया, सुनील भाणजा, सुरेश पराणा, लालचंद कठमाणा, महावीरप्रसाद छाबड़ा, पदमचंद सांवलिया, मोहनलाल चंवरिया, नेमीचंद सिरस, सुशील कटारिया, पवन कंटान, कमल सर्राफ, धर्मेन्द्र पासरोटिया, देवेन्द्र आंडरा, ओम ककोड़, मुकेश बरवास, रमेश साईवाड, राजेश शिवाड सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# विधायक वर्मा ने पोलियो की खुराक पिलाकर पल्स पोलियों अभियान का किया शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स.)।** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रविवार को विधायक रामसहाय वर्मा ने बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की। ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. शैलेन्द्रसिंह चौधरी ने बताया की राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के सफल आयोजन हेतु ब्लॉक निवाई में कुल 271 बूथ, 3 ट्रांजिट बूथ, 2 मोबाइल टीम बनाई गई है। जिनमें कुल 594 टीकाकर्मियों द्वारा 5 साल तक के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई। उन्होंने बताया कि पल्स पोलियो अभियान में रविवार को 25 हजार 500 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस अवसर पर अस्पताल प्रभारी डॉ. केके विजय, नोडल प्रभारी डॉ. पीएन बैरवा सहित कई चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी, जनप्रतिनिधि, बच्चे एवं अभिभावक मौजूद थे।

# कावड़ यात्रा को परम्परागत मार्ग से निकलवाने की मांग

## जलदाय मंत्री ने आवश्यकता होने पर उपस्थित रहने का दिया आश्वासन

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** शिव कावड़ यात्रा समिति का प्रतिनिधिमंत्री प्रदेश के जलदाय मंत्री से मिलकर शिव कावड़ यात्रा को शहर के पारम्परिक मार्ग से निकवाने की मांग की।

समिति संयोजक विकास शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में विनोद साहू, धर्मेश, रोहित, गोविन्द , राजू मौजुद रहे। इस प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी से मिलकर एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में अवगत कराया कि मालपुरा शहर में समिति के तत्वावधान में निकाली जाने वाली शिव कावड़ यात्रा को परम्परागत मार्ग से निकलवाया जावे। मांग पत्र में यह भी अवगत कराया गया कि प्रदेश में कांग्रेस शासनकाल के दौरान तुष्टिकरण की नीति अपनाते हुए अधिकारियो ने कावड़ यात्रा कें मार्ग को बदल दिया था। मार्ग बदलने के विरोध के चलते समिति ने कावड़ यात्रा को ही स्थगित कर रखा था।

लेकिन अब कावड़ यात्रा समिति एक बार फिर कावड़ यात्रा को पुराने परम्परागत मार्ग से निकालना चाहती है। मांग पत्र प्राप्त करने के बाद जलदाय मंत्री चौधरी से प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए बताया कि कावड़ यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। साथ ही समिति को जब भी उनकी आवश्यकता महसूस होगी तब ही वे स्वयं मोजुद रहेगें।

# नोनिहालो में गटकी पोलियो दवा

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा शहर व ग्रामीण अंचलो में पल्स पोलियो राष्ट्रीय अभियान के तहत 0 से 5 साल तक के बच्चो ने पोलियो की दवा गटकी। रविवार को पल्स पोलियो का राष्ट्रीय अभियान आयोजित हुआ। अभियान के अन्तर्गत चिकित्सा विभाग की ओर से कायम पल्स पोलियो बूथो पर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की दवा पिलाई गई। साथ ही नोनिहालो को टीके भी लगाए गए। इस राष्ट्रीय अभियान में मालपुरा शहर के वाल्मिकी मौहल्ले स्थित पोलियो बूथ पर रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय के सहायक प्रान्तपाल, रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के अध्यक्ष, जिला आयोजना समिति के सदस्य व नगरपालिका मालपुरा के पार्षद डॉ. अकिंत जैन ने नोनिहाल को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया। इस मौके पर अभिभाषक संघ मालपुरा के अध्यक्ष एडवोकेंट रविकुमार जैन, रोटरी क्लब मालपुरा सिटी के सचिव डॉ. राजाराम शर्मा, शेरसिंह राजावत, पवन सोनी, पीयूष जैन, सुनील जैन, केदार गुप्ता, जनता क्लिनिक इंचार्ज डॉ. खुशबू गुप्ता, डॉ. शुभम जैन, डॉ. नासिर सहित अन्य कई क्लब सदस्य, चिकित्सा स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिने व अभिभावक मौजुद रहे।

## टांक महासभा की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** मालपुरा के जयपुर रोड पर पंचायत समिति की दुकानो के सामने स्थित शिव मन्दिर में श्री टांक महासभा की बैठक क्षैत्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार टांक व पूर्व क्षैत्रीय अध्यक्ष एडवोंकेट जगदीश प्रसाद टांक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। रविवार कों आयोजित बैठक में हुए निर्णय के बारे में जानकारी देते हुए महामंत्री अरविन्द कुमार टांक ने बताया कि बैठक में मौजुद सभी समाजबंधुओं ने एक राय होकर धार्मिक नगरी डिग्गी में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। साथ ही समाज के कई भामाशाहो ने इस सामाजिक कार्य के लिए चन्दा भी देने की धोषणा की। बैठक में हरिसिंह टांक, अनिल टांक, लादूलाल टांक, शैलेन्द्र कुमार सहित अन्य कई समाजबंधु मोजुद रहे।

## लुहारा में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** ग्राम पंचायत लुहारा में आंगबाड़ी कार्यकर्ता एवं योग प्रशिक्षक अशोक गुर्जर के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। योगाचार्य अशोक लांगडी ने बताया कि प्रकृति को बचाने के लिए पौधारोपण की आवश्यकता है। जिस प्रकार गर्मी का तापमान देखा गया है उससे बचने के लिए पौधारोपण अभियान चलाया गया।

## विधायक संग प्रशासन आपके द्वार शिविर कल सिरोही में

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** विधायक संग प्रशासन आपके द्वार 2 जुलाई को ग्राम पंचायत सिरोही मुख्यालय पर आयोजित होगा। भाजपा नेता रामप्रसाद महाराजपुरा ने बताया कि 2 जुलाई को सुबह 10 बजे आयोजित होने वाले विधायक संग प्रशासन आपके द्वार शिविर में विधायक रामसहाय वर्मा की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत अरनिया, बहड, बडागांव, ललवाडी, नोहटा, श्रीरामपुरा नयागांव, सिरोही, भरथला व जामडोली के ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर समाधान करेंगे।

## वृद्ध की हत्या कर शव शमशान किनारे फेंका : सिर में नुकीले हथियार के घाव, हत्याकांड का पुलिस ने आठ घंटे मे ही किया खुलासा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** पचेवर थाना क्षेत्र में रविवार को पारली गांव में श्मशान के रोड किनारे वृद्ध का लहूलुहान हालत में शव पड़ा मिला है। संभवत इसकी हत्या कर शव रोड किनारे फेंक गए।उसके सिर में नुकेले हथियार के वार जैसा घाव था। संभवत यह घाव पेचकस का भी हो सकता है। पुलिस ने भी प्राथमिक तौर पर इसकी हत्या करना माना है। उधर, इसकी सूचना मिलने के बाद काफी लोग मौके पर एकत्रित हो गए। पुलिस भी पहुंची। थानाधिकारी ताड़ा ने बताया कि 65 वर्षीय बजरंग उर्फ बाबा कल शाम घर से बाहर गांव गया था। वह देर रात को घर नहीं लौटा। रविवार सुबह करीब सात बजे राहगीरों को इसका शव श्मशान वाले रास्ते पर रोड किनारे पड़ा मिला। इसकी सूचना मिलने के बाद मैं (थाना प्रभारी) मय पुलिस जाप्ते के मौके पर पहुंचा। टोंक से एफएसएल टीम भी वहां पहुंची और सबूत उठाए। पुलिस ने मालपुरा में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।उसके सिर में नुकीले हथियार का घाव था। इससे काफी ब्लड बह निकला। मृतक के चार पुत्र और दो पुत्रियां हैं।

पचेवर पुलिस थानांगर्त पारली मे साठ वर्षीय अधेड़ के ब्लाइंड हत्याकांड का पुलिस ने आठ घंटे मे ही खुलासा कर एक हत्यारे को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी राजेंद्र ने बताया की अतरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कसवा और डीवाईएसपी महेंद्र मीना के सुपरविजन मे इस मामले मे पुलिस ने पारली निवासी नंदकिशोर रैगर को गिरफ्तार किया है ।

## विदेश में भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**सवाई माधोपुर (नि.स.)।** सवाई माधोपुर की कोतवाली थाना पुलिस ने विदेश में भेजने के नाम पर ठगी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस न मोहम्मद उसामा पुत्र मतलूब हसन निवासी हाडो का कुआं चटीकना करौली को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी पिछले 14 माह से से फरार चल रहा था। आरोपी ने विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी की थी। जिस मामले में वह फरार चल रहा था। जिसे कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली थानाधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि 29 अप्रैल 2023 को एक मामला दर्ज हुआ था। रिपोर्ट ने पीड़ित ने बताया कि मोहम्मद उसामा ने इंडो गल्फ कंपनी का एंजेट बताकर मोहम्मद नफीस निवासी सवाई माधोपुर व अन्य लोगों को विदेश में रोजगार दिलवाने के नाम पर कंपनी के माध्यम से रोजगार के एप्लाई करवाया था।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ

# किसानों को सशक्त, समृद्ध एवं उन्नतशील बनाने के लिये प्रदेश सरकार सदैव समर्पित : मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा

## जिले के एक लाख 45 हजार से अधिक काश्तकारों के खाते में 14 करोड़ रुपए से अधिक राशि प्रत्यक्ष हस्तांतरित

### आज का दिन किसानों के लिए बड़ा व स्वर्णिम : प्रभारी मंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान के किसानों के लिये मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारम्भ रविवार को टोंक जिले के कृषि उपज मण्डी प्रांगण से राज्य स्तरीय समारोह के दौरान किया। इस दौरान प्रदेश के 65 लाख से अधिक किसानों को योजना के तहत प्रथम किश्त के रूप में 650 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का हस्तान्तरण सीधा किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से किया गया। मुख्यमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि किसानों को सशक्त, समृद्ध एवं उन्नतशील बनाने के लिये प्रदेश सरकार सदैव समर्पित है। राज्य सरकार समृद्ध किसान, खुशहाल राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री की मंशानुरुप प्रदेश का किसान अब सम्मान के साथ कृषि संबंधी आवश्यकताओं को पूरी कर पायेगा। जिला प्रशासन एवं सहकारिता विभाग धौलपुर के द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर परिषद टाउन हॉल में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में राज्य मंत्री गृह, गौ पालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग और जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम मौजूद रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री बेढम ने कहा कि आज का दिन किसानों के लिए बड़ा व स्वर्णिम है जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले 6 हजार रुपए वार्षिक देकर संबल प्रदान किया वहीं डबल इंजन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार अतिरिक्त दो हजार की राशि का सहयोग कर मजबूती प्रदान कर रही है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री पात्र किसानों से वर्चुअल माध्यम से जुडे साथ ही पात्र किसानों के खातों में एक हजार रूपए की पहली किस्त का डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। उन्होंने बताया कि किसानों को प्रथम किस्त के रूप में एक हजार रुपये हस्तांतरित किये गए तथा दूसरी व तीसरी किश्त के रूप में 500-500 रुपये उनके खातों में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किस्त के साथ हस्तांतरित किये जायेंगे।




### 6 हजार की जगह किसानों को मिलेंगे अब 8 हजार

सहकारिता विभाग के अनुसार पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसान परिवारों को प्रतिवर्ष देय राशि 6 हजार रुपये के अतिरिक्त राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत 2 हजार रुपये देने की बजट घोषणा 2024-25 में की गई थी जिसके तहत रविवार को पात्र किसानों को प्रथम किस्त के रूप में एक-एक हजार रुपये का लाभ हस्तांतरण किया गया। उन्होंने बताया कि राजस्थान में पात्र किसान को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 2 हजार रूपये की अतिरिक्त सहायता से पीएम किसान योजना में 6 हजार के स्थान पर 8 हजार प्रतिवर्ष मिलेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुदर्शन सिंह तोमर, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, नीरजा शर्मा, गिर्राज सिंह मलिंगा, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन, जिला स्तरीय अधिकारीगण गणमान्यों सहित बहुसंख्यक किसान उपस्थित रहे।

## वन एवं पर्यावरण मंत्री ने वृद्धजनों से पौधारोपण कराकर दिया पर्यावरण संरक्षण व वृद्धजन सम्मान का संदेश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को सोनवा डूंगरी स्थित सार्वजनिक पार्क में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत नई पहल करते हुए क्षेत्रा के वरिष्ठ नागरिकों पौधरोपण कराकर पर्यावरण संरक्षण व वृद्धजनों के सम्मान का संदेश दिया। मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर्यावरण संरक्षण हेतु 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान संचालित किया है जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड अपनी मां की सेवा मानकर लगाना चाहिए तथा उसका संरक्षण कर पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना अहम योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पेड हमें जीवनदायनी वायु प्रदान करते हैं उसी प्रकार हमारा भी नैतिक दायित्व बनता है कि हम पेड लगाए और उसकी सार-संभाल करें। उन्होंने कहा कि पेड लगाना जितना पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है उतना ही मानव के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने आमजन से आह्वाहन किया कि जिले के प्रत्येक व्यक्ति न केवल मां के नाम का पेड लगाए बल्कि उसकी सार संभाल भी करें तथा अपने आसपास के व्यक्तियों को भी पेड लगाने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान राजेंद्र सैनी, सतीश यादव, अरुण जैन, सुरजीत, रवि जैन, सागर यादव, महेश मीणा सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## मूसलाधार बारिश के 24 घंटे बाद भी नहीं सुधरे हालात, संत नगर रोड,कायस्थ पाड़ा पुलिया, होद सहित सरमथुरा रोड पर पानी भराव

### नागरिको का घरो से निकलना मुश्किल, बिजली और पानी की समस्या

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर( नि.स. )।** शहर में शनिवार की सुबह हुई मूसलाधार बारिश से जहां निचले इलाकों में पानी भराव की समस्या पैदा हो गई वहीं मुख्य बाजार में भी पानी भरने से दुकानों का सामान भीग गया। यही नहीं शहर के सरमथुरा रोड,कायस्थ पाड़ा पुलिया,संत नगर रोड और होद मोहल्ले में पानी भराव की समस्या पैदा हो गई। अब बारिश के 24 घंटे बाद भी हालत नहीं सुधरे हैं। अभी भी इन इलाको में पानी भरा हुआ है। ऐसे में लोगों का रास्ता निकालना मुश्किल हो गया है और लोग नगर पालिका प्रशासन को कोस रहे हैं। वही नगर पालिका प्रशासन द्वारा छुट्टी होने के चलते उक्त समस्या पर रविवार भी कोई एक्शन नहीं लिया गया है। शहर के संत नगर रोड निवासी शिवकुमार शर्मा, सगुन लाल मीणा, बंटू सिंह चौहान ने बताया कि संत नगर रोड पर पहले से ही पानी भराव की समस्या थी। अब सरमथुरा रोड पर नाला निर्माण कार्य के चलते जेसीबी से पानी संत नगर मोड की ओर काट दिया। ऐसे में दोगुना पानी आने से जहां मुख्य रास्ता अवरुद्ध है। वहीं कॉलोनी में भी पानी भर गया है। कई घरों में भी एक से दो फीट पानी भरा हुआ है। ऐसे में ना तो रास्ता निकाला जा रहा है ना ही समस्या को लेकर प्रशासन और नगर पालिका कोई एक्शन ले रहे। नागरिकों का जीना बेहाल हो रहा है।



**33 केवी संत नगर फीडर में भरा पानी, बिजली सप्लाई बाधित :** वहीं शहर के संत नगर रोड स्थित 33 केवी विद्युत फीडर में पानी भर गया है। इससे बिजली सप्लाई बाधित हुई है। नागरिकों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक तरफ पानी भरा हुआ है दूसरी तरफ बिजली नहीं आ रही। ऐसे में लोग परेशान हैं और प्रशासन को कोस रहे है।

**मौका निरीक्षण कर कराया जाएगा रेस्क्यू :** नगर पालिका की सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा ने बताया कि शनिवार और रविवार को छुट्टी होने के चलते काम नहीं हो सका। अब सोमवार को मौका निरीक्षण कर पानी भराव की समस्या का समाधान किया जाएगा। रेस्क्यू अभियान चलेगा।

## भारत विकास परिषद राठ शाखा व गुरुकुल सैनिक एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** रविवार को भारत विकास परिषद राठ शाखा बहरोड तथा गुरुकुल सैनिक एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ये रक्तदान शिविर सैनिक एकेडमी परिसर में आयोजित हुआ जिसमें 105 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व स्वर्गीय दयानंद यादव के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि तथा वंदे मातरम राष्ट्रगीत के साथ किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार बहरोड अभिषेक यादव रहे व प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव एडवोकेट रहे।कार्यक्रम के दौरान गुरुकुल सैनिक अकादमी से निदेशक जेपी शास्त्री सचिव सुरेंद्र यादव सूबेदार रविंद्र यादव धीरेंद्र यादव व सरपंच सुभाष यादव भारत विकास परिषद राठ शाखा अध्यक्ष रूपकिशोर गुप्ता कोषाध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल संरक्षक सतीश गुप्ता जिला सह समन्वयक सत्यवीर यादव संगठन सचिव आशुतोष विमल हुकुम सिंह यादव गोपाल शर्मा करण सिंह यादव भूपेंद्र सिंह यादव योगेंद्र सिंह राघव झाबर सिंह राघव मदनसिंह प्रजापति शिव शंकर अग्रवाल खुशवंत जोशी के साथ-साथ परिषद के सम्मानित सदस्य भी उपस्थित रहे।तथा कार्यक्रम का संचालन संरक्षक सतीश गुप्ता व संयोजन दीवानसिंह धाकरे द्वारा किया गया।



## मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का वर्चुअल शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का वर्चुअल शुभारम्भ कर प्रदेश के 65,30,540(65 लाख से अधिक)किसानों के खातों में 6,53,05,40000 रूपये (653 से अधिक रूपये) एक -एक हजार रूपये प्रत्येक किसान के खातों में प्रथम किस्त की राशि का हस्तान्तरण एवं लाभार्थी संवाद' राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से किया । इसी कड़ी में जिला स्तर पर कार्यक्रम प्रताप ऑडिटोरियम में जिले के 2,54,694 किसानों के खातों में 25,46,94,000 रूपये डीबीटी के माध्यम से हस्तान्तरण किये।

## बाइक सवार बदमाशा ने मेनेजर को लूटा टोल प्लाजा पर सरेआम फायरिंग की, हर महीने 50 हजार मांग रहे रंगदारी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर ( राजू शर्मा )।** रंगदारी नहीं देने पर बाइक सवार 2 बदमाशों ने टोल प्लाजा पर तैनात मैनेजर पर फायरिंग कर दी। वह बाल-बाल बचे। मैनेजर से 10 हजार रुपए भी लूट ले गए। बदमाश हर महीने 50 हजार रुपए की रंगदारी मांग रहे हैं। मामला धौलपुर-करौली एनएच-11बी का है।

**टोल मैनेजर पर तीन फायर :** आंगई थाना क्षेत्र के चिलाचौंद टोल प्लाजा के मैनेजर गौरी शंकर (28) पुत्र ओमप्रकाश निवासी श्रीगंगानगर ने जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार रात 8 बजकर 50 मिनट पर बाइक पर सवार 2 बदमाश टोल प्लाजा पर पहुंचे। उन्होंने टोल पर पहुंचते ही स्टाफ को धमकी देते हुए 50 हजार रुपए प्रति महीने की रंगदारी देने के लिए कहा। गौरी शंकर ने बदमाशों की रंगदारी वाली डिमांड को टोल मालिक तक पहुंचाने की बात कही। इससे नाराज होकर बाइक सवार बदमाशों ने अवैध हथियार से गौरी शंकर पर एक-एक कर तीन फायर किए। इसके बाद 10 हजार रुपए भी लूट ले गए।बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही मैनेजर ने बताया कि दोनों बाइक सवार बदमाशों के साथ दूसरी बाइक पर भी तीन बदमाश आए थे। वो टोल प्लाजा से करीब 200 मीटर दूर बाड़ी रोड पर खड़े थे। टोल पर पहुंचे बदमाशों की फायरिंग के बाद टोल से दूर खड़े बाइक सवार बदमाशों ने भी दो राउंड फायर किए। थाना प्रभारी रामअवतार मीना ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। बदमाशों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

## मूक बधिर बच्चों के चहरे पर आई मुस्कान जब नेक कमाई फाउंडेशन ने बांटे उपहार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( रूपक शर्मा )।** कहते हैं जिसे कोई नहीं समझ सकता उसे खुदा ही समझता है और खुदा खुद नहीं पहुँचता बल्कि अपने बंदों को पहुँचा देता है। रविवार को ऐसे ही नेक कार्य करने वाली नेक कमाई टीम प्रभा दिव्यांग स्कूल पहुँची जहां जो बच्चे बोल और सुन नहीं सकते उन्हें उपहार बांटे। नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से प्रभा दिव्यांग विद्यालय में ऐसे बच्चों को उपहार वितरित किए जो बोल ओर सुन नहीं सकते थे, जब उन्हें स्नेह मिला तो उनके चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। इस विद्यालय के नए शिक्षण सत्र के उद्घाटन अवसर पर नेक कमाई फाउंडेशन के संरक्षक दौलत राम हजरती, मंजू चौधरी अग्रवाल, मीना तनेजा, सुशील बंसल, सहायक कुल सचिव डा.आशुतोष शर्मा तथा समाजसेवी परमजीत सिंह गोगिया, कर्मचारी नेता राजेन्द्र पाल शर्मा, शिवानी शर्मा और सोनिका अरोड़ा ने बच्चों को उपहार वितरित किए। संचालन गुरप्रीत सिंह पवित्र ने किया। अतिथियों का स्वागत राजेश व्यास, प्रेम शंकर मिश्रा, शिल्पा सैनी, रजन शर्मा और टीना शर्मा ने किया। इन बालकों को डा. गोपाल रॉय चौधरी ट्रस्ट की ओर से शिक्षण सामग्री खिलौने सहित उपहार दिए गए। कार्यक्रम में तारेश जोरवाल ने ऐसे बच्चों के उत्साहवर्धन की बात कही। मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने आभार जताया।



## जिला कलक्टर ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया जिले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर आशीष गुप्ता ने रविवार को राजकीय गीतानंद शिशु चिकित्सालय में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। जिला कलक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाए जाने हेतु यह अभियान जिलेभर में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पोलियो की बीमारी से बचाने हेतु अभिभावक जागरूक रहकर अपने बच्चों को पोलियों की दवा अवश्य पिलाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत जिले के आज बूथों पर 0-5 साल तक के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक पिलाई गई। उन्होंने बताया कि जिले के 0 से 5 वर्ष तक के लक्षित 2,93,070 बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जाएगी। इसके लिए जिले में 1820 बूथ बनाए गए हैं तथा 44 मोबाइल टीम एवं 43 ट्रांजिट टीमों के माध्यम से मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता हेतु शिक्षा विभाग, आयुर्वेद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि विभागों का सहयोग लिया गया है। इस दौरान पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा सहित संबंधित अधिकारी, चिकित्सक एवं कार्मिक मौजूद रहे।



## भामाशाहों ने दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र के बच्चों को फ्रिज भेंट किया

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़(सुभाष यादव)।** शरबती देवी दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र बहरोड़ में कोहराणा निवासी सुरेन्द्र यादव के द्वारा गठित कमेटी ने दिव्यांग बच्चों के पास फ्रिज की कमी को देखते हुए संस्थान को फ्रिज दान किया और सभी दिव्यांग बच्चों को भोजन कराया। सुरेन्द्र यादव ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की सेवा नर सेवा नारायण सेवा से बढ़कर है और सभी को आगे आकर दिव्यांग बच्चों की सेवा और सहयोग करना चाहिए। सुरेन्द्र यादव कोहराना की पूरी कमेटी सदस्यों ने आगे भी संस्था का समय समय पर आकर सहयोग करते रहने का वादा किया। इस मौके पर सुरेंद्र यादव कोहराना की पूरी कमेटी,नरेन्द्र यादव शिमला,विशेष शिक्षक राकेश कुमार, विशेष शिक्षक मुकेश कुमार, विशेष शिक्षक कुलदीप संस्था अध्यक्ष रवि कुमार, छात्रावास अधीक्षक अनिल कुमार और समस्त दिव्यांग बच्चे मौजूद रहे।

भाजपा नेता मोहित यादव ने केंद्रीय मंत्री यादव के जन्मदिन पर पौधारोपण किया

## प्राकृतिक संतुलन और सुरक्षित भविष्य के लिए पेड़ लगाना हम सबकी ज़िम्मेदारी है : मोहित यादव

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़( सुभाष यादव )।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के जन्मदिन के मौके पर भाजपा युवा नेता मोहित यादव ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के रोडवाल गांव में स्थित भगत सिंह स्मृति वन में भाजपा कार्यकर्ताओं व युवाओं के साथ पौधारोपण किया और वन महोत्सव में शामिल हुए।मोहित यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मेरे लिए आदर्श हैं। राजनीतिक क्षेत्र में उनसे मिले मार्गदर्शन को मैं अपनी पूंजी मानता हूं।इसीलिए उनके जन्मदिन पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर केंद्रीय मंत्री को जन्मदिन की बधाई दी और लोगों से अपील करते हुए कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि पर्यावरण की देखभाल , जल संचय ,प्रदूषण को फैलने से रोकने व ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने एवं जंगल वन आदि को न उजाड़ने की हमारी जिम्मेदारी है।और कहा कि प्राकृतिक संतुलन और सुरक्षित भविष्य के लिए पेड़ लगाना हम सबकी ज़िम्मेदारी है।इस दौरान अश्वनी टाइगर पूर्व मंडल अध्यक्ष,रामनरेश यादव जिला पार्षद,राजपाल एमपीएस, संदीप मुन्ना मंडल महामंत्री,राजेश फोजी,सुभाष यादव,अनिल बोहरा , ईश्वर गुर्जर सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी ओर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का शुभारंभ

# कोटा जिले के 1.24 लाख किसानों के बैंक खातों में 12.43 करोड़ हस्तांतरित

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को टोंक में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ के अवसर पर लाभार्थी करीब 65 लाख किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से एक क्लिक से 650 करोड़ रूपए की राशि हस्तांतरित की। इसमें कोटा जिले के 1 लाख 24 हजार 333 लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में 12 करोड़ 43 लाख 33 हजार रूपये की किसान सम्मान निधि की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

राज्य स्तरीय समारोह में विभिन्न जिलों के लाभार्थी किसानों के साथ मुख्यमंत्री ने सीधे संवाद किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की तर्ज पर ही मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरूआत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने रविवार से की है। इसके तहत प्रत्येक लाभार्थी किसान के खाते में दो-दो हजार रूपए डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए जाएंगे। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को पहले से ही 6-6 हजार रूपए मिल रहे हैं। अब दो हजार रूपए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने से कुल 8 हजार रूपए किसानों के खातों में आएंगे और इस राशि से वे खाद-बीज की खरीद के साथ ही कृषि से जुड़े अन्य कार्य कर पाएंगे। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ का जिला स्तरीय कार्यक्रम कोटा के सिआम ऑडिटोरियम में हुआ। जहां कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, प्रधान जयवीर सिंह, कोटा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़, हेमंत निगम, जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, कोटा सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के एमडी बलविन्दर सिंह गिल सहित सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं लाभार्थी किसान उपस्थित थे। सियाम ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान कोटा दक्षिण विधायक शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने किसान सम्मान निधि के लाभार्थी किसान मोड़ूलाल सहित अन्य किसानों को पौधा भेंटकर उनका सम्मान किया।

### किसान मोड़ूलाल ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

कार्यक्रम में आए नौताणा के किसान मोड़ूलाल ने बताया कि खसरा नंबर गलत लिखे जाने के कारण उन्हें अपात्र बता दिया गया था और पीएम किसान सम्मान निधि योजना में की राशि उन्हें नहीं मिली थी। केन्द्रीय सहकारी बैंक के अधिकारियों के प्रयासों के बाद उन्हें एक साथ पूरी 16 किश्तों की राशि मिली एवं 18 जून को 17 वीं किश्त मिली जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक साथ 12 करोड़ किसानों के खातों में एक क्लिक से पीएम किसान सम्मान निधि की राशि हस्तांतरित की थी। पीएम किसान सम्मान निधि की तर्ज पर ही मुख्यममंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू करने एवं पात्र प्रत्येक किसान के खाते में दो-दो हजार रूपए हस्तांतरित करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री शर्मा को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस राशि से उन्हें खेती-किसानी में काफी मदद मिलेगी।

# अग्रवाल परिचय सम्मेलन : मंच से रिश्तों की तलाश, कह दी अपने मन की बात

## युवक युवतियों के परिजनों ने अपने बच्चों का दिया परिचय
## समाज में तलाक के केस बढ़ने पर चिन्ता व्यक्त की



बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** अग्रवाल वैष्णव मोमीयान पंचायत के तत्वावधान में एक दिवसीय परिचय सम्मेलन अग्रसेन सभागार तलवंडी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय गोयल, परमानन्द गर्ग व महेश मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई।

परिचय सम्मेलन में विभिन्न स्थानों से आए 34 युवक-युवतियों व बच्चों के परिजनों ने परिचय दिया। उन्होंने अपनी पसंद नापसंद बताते हुए योग्य रिश्तों की चाह रखी। किसी ने नौकरीपेशा तो किसी नए व्यवसायी जीवनसाथी की चाहत बताई। किसी ने परिवार के साथ निभाकर चलने वाली जीवनसंगिनी की इच्छा व्यक्त की।संस्था के पदाधिकारीयो ने कहा कि अग्रवाल समाज द्वारा ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी जीवन साथी चुनने का एक अच्छा मंच मिलता है। साथ ही, वर्तमान में ऐसे आयोजनों की नितांत आवश्यकता है।

इस दौरान समाज में बढ़ते तलाक के केस पर चिन्ता व्यक्त की गई। मंच संचालन महेश मित्तल व सुनीता गोयल ने किया। महिला मण्डल की सचिव गोयल ने बताया कि 275 युवक युवतियों की इलेक्ट्रॉनिक बायोडाटा फाइल भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष, संरक्षिका सावित्री गुप्ता, मधु मित्तल, गिर्राज मित्तल, दिनेश गर्ग, सुरेन्द्र गोयल,सुशीला गर्ग, मनोरमा अग्रवाल, संगीता गुप्ता, प्रमीला गर्ग, प्रीती अग्रवाल, रानी गर्ग, कविता गर्ग, सुनीता कोयला वाली सहित समाज बन्धु उपस्थित थे।

## स्टूडेंट्स को हॉस्टल दिलाने के लिए दलालों में झगड़ा, आठ दलाल गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** शहर में रहकर अध्ययन करने करने वालो स्टूडेंट्स को हॉस्टल में कमरा दिलवाने को लेकर दलालों के बीच झगड़े का मामला सामने आया है। पुलिस ने आठ दलालों को गिरफ्तार कर शांति भंग में पाबंद किया है। एसपी अमृता दुहन के अनुसार शहर में कोचिंग छात्रों की सुरक्षा के लिए कोटा पुलिस सर्तक है। किसी भी तरह से उन्हें कोई परेशानी न आए इस बात का ध्यान रखा जा रहा है। इसी क्रम में कोटा के कुन्हाड़ी इलाके में हॉस्टलों के कमरे भरवाने के कमीशन को लेकर दलालों में आपस में झगड़ा हो गया। ऐसे आठ दलालों को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने कहा- देशभर से छात्र-छात्राएं पढ़ाई के लिए कोटा शहर आते है। ऐसे में छात्रों की देखभाल और सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोचिंग एरिया में नियमित रुप से पुलिस की ओर से गश्त की जाती है। कोचिंग छात्रों से संवाद किया जाता है। लैंडमार्क सिटी कुन्हाडी इलाके में दौराने गश्त हॉस्टल में प्रवेश दिलाने के नाम पर दलाल सक्रिय होने व लड़ाई-झगड़ा करने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो कुछ दलाल आपस में झगड़ा कर रहे थे। बच्चों को अपने हॉस्टलों में ले जाने को लेकर झगड़ा हुआ था, जिस पर शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर पाबंद करवाया गया। लैंडमार्क सिटी में यह दलाल बाहर से आने वाले नए बच्चों को अपने हिसाब से हॉस्टलों में कमरे दिला देते है। हॉस्टल में प्रवेश लेने के बाद बच्चों को सत्यता का पता चलता है कि इस कीमत में आस-पास और भी अच्छे हॉस्टल है। जब वह हॉस्टल खाली करता है तो छात्र की जमा सिक्योरिटी राशि हॉस्टल संचालक की तरफ से लौटाने में आनाकानी की जाती है।

## मंडी से काम कर वापस घर लौट रहे मजदूर को क्रेन ने कुचला, मौत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** शहर के गुमानपुरा थाना इलाके में एक मजदूर को क्रेन ने कुचल दिया। हादसे में बुजुर्ग मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस जांच कर रही है। गुमानपुरा थाना पुलिस के अनुसार साजीदेहडा निवासी मोहम्मद रईस मंडी में हम्माली का काम करता था। शनिवार को मंडी का काम खत्म होने के बाद रईस मंडी से हाथ थैला लेकर वापस अपने घर साजीदेहडा की तरफ आ रहा था। इस दौरान गुमानपुरा पुलिया उसने पार की ही थी। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में एक क्रेन आई। क्रेन ने पीछे से रईस को टक्कर मार दी और कुचलता हुआ आगे निकल गई। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम रूम पहुंचाया। साथ ही मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए गए। बाद में मृतक की शिनाख्त साजीदेहडा निवासी उसके घरवालों ने की। शिनाख्त होने के बाद रविवार को शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है। इधर, रईस के घरवालों ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर सजा की मांग की है।

## प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 111वें संस्करण को कपासन के कार्यकर्ताओ द्वारा सुना गया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मन की बात एपिसोड के 111वें संस्करण को क्षेत्रीय भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया।जिसमे प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने पर बधाई दी गयी। भाजपा नगर मंडल महामंत्री अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि रविवार को उपनगरीय बस्ती भूपालखेड़ा में बालाजी स्थल पर पौधारोपण कर एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम शक्ति केंद्रों पर शुरू किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मंजू देवी सोनी,नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया, महामंत्री गजेंद्र बाघमार,सोहन खटीक,एससी मोर्चा जिला संयोजक भागीरथ चंदेल,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभूलाल बागड़ा,महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पुष्पा वैष्णव,गिरिराज वैष्णव,हंसमुख टेलर,शंकर चंदेल,आशीष सोनी,भगवतीलाल आचार्य,रामलाल माली आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रहलाद गुंजल के जन्मदिन पर बड़ी संख्या में रक्तदान करने पहुंचे कार्यकर्ता

## गहलोत, पायलेट, डोटासरा ने दी गुंजल को बधाई

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** पूर्व विधायक व कोटा बूंदी लोकसभा से कांग्रेस के उम्मीदवार प्रहलाद गुंजल के जन्मदिन को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रक्तदान व सेवा कार्य कर धूमधाम से मनाया। गुंजल सुबह सबसे पहले धर्मपुरा नाहरसिंगी माता मंदिर दर्शन करने पहुंचे व माता रानी से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर नयापुरा कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें कार्यकर्ताओं सहित शहर के आमजन ने रक्तदान किया। इसी के साथ वृक्षारोपण, मरीजों को फल वितरण, गौ सेवा सहित कई आयोजन हुए। जन्मदिवस के अवसर पर जहां गुंजल कार्यकर्ताओं व आमजन के बीच प्रसन्न दिखे वही कार्यकर्ता व आमजन भी गुंजल को अपने बीच पाकर उत्साहित था।

इस दौरान पूर्व विधायक गुंजल ने कहा कि मेरे जन्मदिन को कार्यकर्त्ताओ ने आज रक्तदान करके मनाना व शहर में कई आयोजन करने वाले कार्यकर्ताओं की प्रशंसा में मेरे पास शब्द कम पड़ रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने शहर के ब्लड बैंकों में हो रही रक्त की कमी को महसूस किया व रक्तदान शिविर आयोजित कर शहर में रक्त की कमी से जूझ रहे ब्लड बैंकों सहित रक्त की आवश्यकता वाले रोगियों को भी कुछ हद तक राहत देकर सेवा का कार्य किया है। रक्तदान शिविर में कुल 465 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रक्त संग्रहण हेतु शहर के कई ब्लड बैंकों ने सहयोग किया। इस अवसर पर कांग्रेस कोटा शहर प्रभारी व पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, शहर जिला अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, महिला प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम, उपमहापौर पवन मीणा शहर व देहात महिला अध्यक्ष शालिनी गौतम व चंद्रबेल मीणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्षद व पूर्व पार्षद उपस्थित रहे।

**गहलोत, पायलेट, डोटासरा ने दी गुंजल को बधाई :** प्रहलाद गुंजल के जन्मदिन पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलेट व पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा ने गुंजल को फोन कर जन्म दिन की बधाई व शुभकामनाए देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पोलियो की खुराक पिलाकर पल्स पोलियों अभियान का किया शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**कोटा(का.स.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाईड के मुख्यालय के पास पल्स पोलियों दिवस के अवसर पर बच्चों को दवा पिलाने का शिविर आयोजित किया गया। रोटरी क्लब कोटा राउण्ड टाउन के जोन कोडिनेटर रो. विमल जैन एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाईड के यज्ञदत हाडा ने बताया कि शिविर का शुभारम्भ डॉ.एल एन शर्मा रोटरी क्लब कोटा राउण्ड टाउन के अध्यक्ष पंकज गोयल, दिलीप माथुर, पुष्पा गोयल, समाज सेवी योगेश जैन सिंघम ने पोलियों की खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर अफलाख हुसैन, प्रदीप मीणा ने भी बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई। जैन और हाडा ने बताया कि बूथ पर 100 से अधिक बच्चो को दवा पिला चुके थे उसके बाद भी बच्चे निरन्तर बूथ पर आ रहे थे। शिविर शुभारम्भ के पूर्व अतिथीयों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसी प्रकार बस स्टैंड पर लगे बूथ पर कोटा के जाने माने समाजसेवी अरुण भार्गव ने अपनी सेवाएं दी। पिछले कई सालों से नगर निगम के बूथ पर जहां मानव कल्याण समिति द्वारा लगाया जाता था तथा स्काउट के बूथ पर अन्य जगह पर अपनी सेवा देते रहे। रविवार को उन्होंने बस स्टैंड पर पोलियो की दवाई पिलवाई उसमे अरुण भार्गव आनंद अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निर्देशक आकाश भार्गव, सिस्टर संतोष, अनीता पाराशर, प्रभारी सुल्तान शेख उपस्थित रहे।

## चंद सेकेंड में बाइक चुरा ले गया बदमाश

बढ़ता राजस्थान

कोटा(का.स.)। शहर के कुन्हाड़ी थाना इलाके में बाइक चोरी की वारदात सामने आई है। बदमाश महज 15 सैकंड में बाइक चोरी कर ले गया। उसने चाबी बाइक में लगाई और बाइक स्टार्ट कर फरार हो गया। कयास लगाए जा रहे हैं कि चोर ने मास्टर की का प्रयोग चोरी की वारदात में किया। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें युवक वारदात को अंजाम देता नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार बाइक मालिक मनोहर, कलेक्शन फर्म के लिए काम करता है। शनिवार देर रात को वह कुन्हाड़ी में सड़क किनारे बाइक खड़ी कर खाना खाने के लिए गया था। रात करीब 10 बजकर सात मिनट पर एक युवक डिवाइड पार कर उसकी बाइक के पास आया। बाइक पर बैठा और जेब से चाबी निकाली। चाबी उसने बाइक में लगाई और बाइक को स्टार्ट कर लिया। महज सात सेकेंड में उसने बाइक में चाबी लगाकर उसका लॉक खोल लिया और बाइक स्टार्ट कर ली। इसके बाद बाइक भगाने के चक्कर में एक बार गिरता गिरता बचा।

## एक वर्ष के 'माधव' को दो बूंद जिंदगी की पिलाकर की अभियान की शुरुआत

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेडा (नि.स.)।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान जून-2024 के अन्तर्गत निम्बाहेडा के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में 30 जून, रविवार को उत्साहपूर्वक 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की वैक्सीन पिलाई गई। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी खण्ड निम्बाहेड़ा डॉ. मंसूर अहमद खान ने बताया है कि अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु निम्बाहेडा शहरी में 8684 बच्चों को दवा पिलाने के लक्ष्य प्राप्ति के लिए क्षेत्र में 144 स्थानों पर बूथ स्थापित किये गए, जिसमें 176 वेक्सीनेटरों एवं 9 सूवरवाईजर की ड्यूटी लगायी गयी। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में 14963 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लक्ष्य प्राप्ति के लिए 160 वेक्सीनेशन बूथ स्थापित कर 398 वेक्सीनेटरों एवं 19 सूवरवाईजर की ड्यूटी लगायी गयी। इसके साथ ही विभाग द्वारा ट्रांजिस्ट एवं मोबाइल की 2-2 टीमों को भी लगाया। स्वस्थ राजस्थान, समृद्ध राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राष्ट्रीय पोलियो अभियान के अंतर्गत निम्बाहेड़ा शहरी क्षेत्र के वर्धमान चौक में पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने एक वर्ष के माधव नामक बच्चे को दो बून्द पोलियों की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पोलियो के लोगों में जागृति पैदा करने के प्रति जनप्रतिनिधियों में उत्साह देखा गया। अब आगामी दो दिनों में 0-5 वर्ष के शेष रहे बच्चों को घर-घर जाकर दवा पिलाई जायेगी।

## कारोई पुलिस ने 14 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब पिकअप सहित पकड़ी, चालक गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर/भीलवाड़ा(नि.स.)।** कारोई थाना पुलिस ने पिकअप में लाइसेंस शर्तों का उल्लंघन कर परिवहन की जा रही भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत 14 लाख रुपये बताई गई है। जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एएसपी सहाडा रोशन पटेल के सुपरविजन में कारोई थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण गुर्जर ने मय जाब्ता एनएच 758 पर अस्थाई पुलिस चौकी के सामने नाकाबंदी की। इस दौरान रात दो बजे भीलवाडा की तरफ से आई एक पिकअप को पुलिस ने रोका। पूछताछ करने पर चालक ने खुद को बागौर थाने के जोरावरपुरा निवासी भंवर सिंह 23 पुत्र नंदसिंह दरोगा बताया। चालक ने पूछताछ में पिकअप में अंग्रेजी शराब भरी होने की बात कही। उसने लाइसेंस व परमिट पेश किया, जिसके तहत यह शराब भीलवाड़ा गोदाम से भरी गई और आसींद, पीपलूंद, जहाजपुर की दुकानों में खाली होनी थी। चालक ने यह भी कबूल किया कि उसे भीलवाड़ा निवासी मगंल वेष्णव ने कहा कि यह माल लेकर गंगापुर पहुंचने के बाद मोबाईल पर वार्तालाप कर उसके बताये हुए स्थान पर खाली करना था । पिकअप में विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब के 173 कार्टून मिले। पुलिस ने लाइसेंसी शर्तों का दुरुपयोग करने पर पिकअप सहित शराब जब्त कर आरोपित भंवर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ एएसआई ओमप्रकाश मीणा, कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह शामिल थे।

## थैलीसीमिया पीड़ितों के लिए 77 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

### शहर में रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर में लगातार रक्त की कमी को देखते हुए पांचवा रक्तदान शिविर लक्ष्य कॉमर्स कलासेज छावनी में रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपभोक्ता होलसेल भंडार के चेयरमैन हरिकृष्ण बिरला थे। विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता हितेन्द्र शर्मा थे। इस अवसर पर 77 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। इस रक्त को थैलीसीतिया पीड़ितों के सहायतार्थ उपयोग में लिया जाएगा। इस दौरान बिरला ने कहा कि कोटा में रक्तदान को लेकर बेहद जागरुकता है। हम सभी को प्रयास कर यही जागरुकता ग्रामीण क्षेत्रों में भी पहुंचानी होगी, तभी हमारी समाजसेवा सार्थक होगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए युवाओं को आगे आना होगा। कार्यक्रम को सफल बनाए में निलेश जैन,अरुण सिंघल, बंटी अग्रवाल, पवन शृंगी, लोकेंद्र सिंह, लोकेश जैन, गगन अग्रवाल, राहुल, दीपांशु मेवाड़ा, नीतेश, राहुल वर्मा, विष्णु वर्मा, करण, सुरेंद्र अग्रवाल अंकित प्रजापति, नरेश दाधीच सहित कई लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## महिला के गले से चेन लूटी, बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा के आरकेपुरम थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला के गले से चेन लूट ली और फरार हो गए। महिला ने बदमाशों को पकड़ने की कोशिश भी की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। पुलिस को मामले की शिकायत दी गई है। मामले के अनुसार आरकेपुरम निवासी बादाम बाई के साथ वारदात हुई है। बादाम बाई, रविवार को अपने घर के बाहर गार्डन की सफाई कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक वहां आए।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

बढ़ता राजस्थान एक्सक्लुसिव

## केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय से लेकर डिस्कॉम्स के स्तर तक जारी हुए विसंगतिपूर्ण आदेश


# बिजली कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ता हो रहे चक्करघिन्नी

- दस किलो वाट तक के कनेक्शन के लिए नया आदेश सिर्फ दो डॉक्यूमेंट पर जारी करने का
- सहायक अभियंता नए आदेश के तहत स्वीकार नहीं कर रहे फाइल

रोशनलाल शर्मा, स्वतंत्र पत्रकार

**जयपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** एक विसंगति पूर्ण आदेश के चलते नए बिजली का कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं की जान पर बन आई है। उपभोक्ता बिजली दफ्तरों के चक्कर लगाने पर मजबूर है। दरअसल ऊर्जा मंत्रालय दिल्ली के अधीन काम करने वाले केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण से लेकर राज्य विद्युत विनियामक आयोग और बिजली कम्पनियों से एक आदेश नए बिजली कनेक्शनों के लिए जारी किया गया जिसमें सिर्फ दो डाक्यूमेंट उपभोक्ता से प्राप्त करके बिजली कनेक्शन जारी करने की बात कही गई है। उस आदेश के आधार पर कनेक्शन लेने वाले नए उपभोक्ता अपनी फाइल लगा रहे हैं तो संबंधित सहायक अभियंता ये फाइल स्वीकार ही नहीं कर रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ता परेशान है

दरअसल इसी माह 11 जून 2024 को जयपुर डिस्कॉम सहित अन्य बिजली कम्पनियों ने एक आदेश अपने मातहत अधीक्षण और सहायक अभियंता कार्यालयों को जारी किया था जिसमें नए बिजली कनेक्शन के लिए जरूरी डाक्यूमेंट और कितनी अवधि कनेक्शन जारी होना चाहिए उसका ब्यौरा था। उक्त आदेशानुसार नए दस किलो वाट तक के बिजली कनेक्शन के लिए जो डाक्यूमेंट लेने है उनमें आईडी प्रुफ यथा पासपोर्ट, आधार कार्ड और जहां बिजली का कनेक्शन चाहिए उसके मालिकाना या फिर किराए पर रहने का प्रुफ लेकर कनेक्शन जारी करने के निर्देश थे। इसी आदेश में बताया गया है कि दस किलोवाट के बिजली कनेक्शन के लिए मेट्रो सिटीज में कम्पलीट आवेदन के तीन दिन के अन्दर, नगर निकाय क्षेत्र में सात दिन और ग्रामीण इलाकों में 15 दिन में कनेक्शन जारी होने की बाध्यता भी है। कम्पलीट आवेदन का तात्पर्य है सभी तरह की फीस जमा हो जाने के बाद का समय। जबकि इससे पूर्व जयपुर डिस्कॉम सहित अन्य बिजली कम्पनियों ने 21 मई 2024 को आदेश जारी किया था जिसमें व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और इंडस्ट्री के लिए बिजनेस रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गया था। इसी के साथ एक आदेश बहुत पहले जारी हुआ है जिसमें कोई भी कनेक्शन फिटिंग प्रमाण पत्र के बिना जारी नहीं करने के निर्देश थे।


Jaipur Vidyut Vitran Nigam Limited
CIN:U40109RJ2000SGC016486
Shed No. 02, Old Power House, Banipark, Jaipur-302016
Website: www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl
E-mail: sraobilling@jvvnl.org
प्रगतिम शक्ति सृजेमो


No. JPD/CCOA-II/CAO(R&B)/REV./F.809/D. 245 Jaipur, Dated: 21-5-2024

The Superintending Engineer (..............),
Jaipur Vidyut Vitran Nigam Ltd.,
Jaipur.

Sub: - Updation of Sanstha Aadhar Number (SAN) /BRN in master data of concerned consumer.

As you are aware that vide SE (Comml.), JVVNL, Jaipur order no. JPD/SE/Com./Xen (Com.-I)/F. 1(13)/Part-VII/D. 2474 Dated 02.02.2017 (JPR5-836), all the concerned officers were directed to ensure obtain 16 digits Business Registration number (BRN) while accepting the application of new electricity connection / name change / load change in NDS and Industry category.

Further, a review meeting regarding integration of Sanstha Aadhar portal was held under the chairmanship of the Director & Joint Secretory, Directorate of Economics and Statistics, Govt. of Rajasthan on dated 24.04.2024, wherein it was directed that Sanstha ... mandatory for NDS and Industry category. Further, ... in online


JPR5-1167
JAIPUR VIDYUT VITRAN NIGAM LIMITED
(A Govt. of Rajasthan Undertaking)
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER(Comml.)
प्रगतिम शक्ति सृजेमो

No.JPD/SE(C)/XEN(P&IA)/F./ D. 261 Jaipur, Dated: 11/6/24 JPR-5-

**ORDER**

In compliance of the Electricity (Right of Consumers) Rules 2020 and amendment Rules 2024 issued by Ministry of Power, GoI on dt. 22.02.2024, and as per direction issued by Secretary RERC vide letter no. 7 dated 2/04/24, the documents and timelines required to release the connections is modified /amended in different clauses of TCOS-2021 up to extent, as under -

1. For new connection up to a load of 10 KW the application form shall be accompanied with only two mandatory documents (self certified) :-
(a) Identity proof (i.e. Passport, Aadhar Card etc) of the applicant and
(b) Proof of applicants ownership or occupancy over the premises for which new connection is being sought or in absence of any proof of ownership or occupancy ,any other address proof not given as part of identity proof under (a) above. (clause 6.1 of TCOS-2021)
... distribution mains is required ... is involved ,

### नए आदेश जारी होने पर पुराना आदेश अपने आप खत्म हो जाता है

जानकारों का कहना है कि नया आदेश जारी होने पर पुराना आदेश अपने आप विलोपित हो जाता है लेकिन कनेक्शन जारी करने वाले सहायक अभियंता इसे नहीं मानते। हाल ही एक उपभोक्ता ने जून 2024 के आदेश के आधार पर कनेक्शन का आवेदन किया जिसे संबंधित सहायक अभियंता ने ये कहकर स्वीकार करने से मना कर दिया कि बिना फिटिंग प्रमाण पत्र के कनेक्शन नहीं देंगे चाहे कोई भी नया आदेश जारी हुआ हो।

### केन्द्रीय प्राधिकरण अपना ही आदेश भूला

केन्द्रीय प्राधिकरण के आदेश में कहीं भी साफ नहीं लिखा है कि बिजनेस रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र अब नहीं लेना है। यही कारण है कि सहायक अभियंता नया आदेश नहीं मान रहे हैं। इसी प्रकार केन्द्रीय प्राधिकरण ने पहले एक आदेश ये भी निकाल रखा है कि कनेक्शन वाली साइट पर फिटिंग प्रमाण पत्र आवश्यक होगा लेकिन अपने नवीनतम आदेश में केन्द्रीय प्राधिकरण ने उसे भी भुला दिया।

### फिटिंग प्रमाण पत्र के बिना कनेक्शन जारी होना नियम विरूद्ध

जयपुर डिस्कॉम के अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि नियमों में है फिटिंग का प्रमाण पत्र लेना ही होगा। बिना फिटिंग प्रमाण पत्र के कैसे कनेक्शन दे सकते हैं। हमारे पास केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण प्रमाण पत्र का पुराना आदेश है। फिर बिना फिटिंग प्रमाण पत्र कनेक्शन जारी करना उचित इसलिए भी नहीं है कि फिटिंग प्रमाण पत्र के बिना कनेक्शन जारी करना सुरक्षा में बड़ी चूक है। कल को कोई दुर्घटना भी हो सकती है।

### क्या हुई गलती

**इन आदेशों की विसंगती ये है कि दिल्ली के केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण, राज्य के विद्युत विनियामक आयोग और बिजली कम्पनियों के स्तर पर गलतियां हो रही है। जून 2024 में जारी हुए आदेशानुसार नए कनेक्शन में दस किलो वाट के लिए आवेदक से दो ही डाक्यूमेंट लेने हैं। जबकि मई 2024 के आदेश में जयपुर डिस्कॉम ने खुद ने आर्डर निकाला है जिसमें कहा है कि प्रतिष्ठान और इंडस्ट्री से बिजनेस रजिस्ट्रेशन नम्बर लिए बिना कनेक्शन जारी नहीं किया जाएगा।**

## जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने 30वें आर्मी चीफ का चार्ज लिया

### रिटायरमेंट से पहले जनरल मनोज पांडे को गार्ड ऑफ ऑनर; 26 महीने पद पर रहे

नई दिल्ली।

जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार (30 जून) को नए आर्मी चीफ का चार्ज संभाला। जनरल द्विवेदी 30वें सेना प्रमुख हैं। वे इसी साल 19 फरवरी को वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बने थे। आर्मी चीफ बनने पर द्विवेदी लेफ्टिनेंट जनरल से जनरल रैंक पर प्रमोट हुए हैं। भारत सरकार ने 11 जून की रात उन्हें आर्मी चीफ बनाने का ऐलान किया था। इससे पहले वे सेना के वाइस चीफ, नॉर्दर्न आर्मी कमांडर, डीजी इन्फेंट्री और सेना में कई अन्य कमांड के प्रमुख के रूप में काम कर चुके हैं।

जनरल द्विवेदी ने आर्मी चीफ के तौर पर जनरल मनोज पांडे की जगह ली है। जनरल मनोज पांडे आज ही रिटायर हुए हैं। लास्ट वर्किंग डे पर सेना की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वे 26 महीने तक आर्मी चीफ रहे।

#### जनरल द्विवेदी के अपॉइंटमेंट में फॉलो किया गया सीनियरिटी कॉन्सेप्ट

जनरल द्विवेदी को चीफ ऑफ आर्मी बनाने में सरकार ने सीनियरिटी कॉन्सेप्ट फोटो किया। इस वक्त आर्मी में जनरल द्विवेदी के बाद सबसे सीनियर अफसर दक्षिणी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह हैं। जनरल द्विवेदी और लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह, दोनों को 30 जून को रिटायर होना था। तीनों सेनाओं के प्रमुख 62 साल की उम्र तक



या तीन साल, इनमें से जो भी पहले हो, तब तक सेवा दे सकते हैं। हालांकि, लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अधिकारियों की रिटायरमेंट एज 60 साल है, जब तक कि अधिकारी को फोर स्टार रैंक के लिए अप्रूव नहीं किया जाता है।

#### जनरल द्विवेदी ने सैनिक स्कूल रीवा से पढ़ाई की

जनरल उपेंद्र द्विवेदी मध्य प्रदेश के निवासी हैं। उन्होंने सैनिक स्कूल रीवा में पढ़ाई की और जनवरी 1981 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हो गए। उन्हें दिसंबर 1984 में जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 18वीं बटालियन में नियुक्त किया गया था। उन्होंने बाद में कश्मीर घाटी और राजस्थान के रेगिस्तान में कमान संभाली। जनरल द्विवेदी परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और तीन जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चार्ज प्रशस्ति कार्ड से सम्मानित हो चुके हैं।

## महिला को सड़क पर पीटा, लात मारी

कोलकाता।

पश्चिम बंगाल में चार दिन में दूसरी बार महिला से मारपीट और बदसलूकी की घटना सामने आई है। रविवार (30 जून) को उत्तरी दिनाजपुर जिले के चोपड़ा इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसमें एक व्यक्ति दो लोगों- एक महिला और एक पुरुष को सड़क पर छड़ी से पीटता हुए नजर आ रहा है।

व्यक्ति महिला को कई बार मारता है। वह दर्द से चिल्लाती है, लेकिन व्यक्ति मारना नहीं छोड़ता। इसके बाद वह व्यक्ति महिला के पास बैठे पुरुष की ओर मुड़ता है और उसे मारना शुरू कर देता है। इस दौरान भीड़ तमाशा देखती रहती है। कोई भी महिला और पुरुष को बचाने आगे नहीं आता। वीडियो में एक जगह वह व्यक्ति महिला के बाल पकड़कर उसे लात मारता है।

## आज से खुलेंगे स्कूलः स्कूलों में शिक्षक होंगे फोन विहिन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पहले साल 2012, 2015 और 2018 में शिक्षा निदेशक ने स्कूलों में मोबाइल पर बैन लगाया था। हाल ही में शिक्षा मंत्री ने स्कूलों में मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने के निर्देश दिए। जिस पर राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने एक जुलाई 2024 से शुरू हो रहे नवीन सत्र में शिक्षकों की ओर से स्कूलों में एंड्रोड फोन का इस्तेमाल नहीं करने का एलान किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर सिहाग ने बताया कि शिक्षा मंत्री के स्कूलों में फोन न रखने के निर्देशों की पालना की जाएगी। इससे गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति का मार्ग भी आसान होगा।

वहीं, उन्होंने पहली कक्षा में प्रवेश की आयु 6 साल किए जाने पर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में इस वर्ष पहली कक्षा संचालित नहीं होने पर चिंता व्यक्त की। साथ ही प्रवेश की आयु 5 वर्ष कर राज्य सरकार से इस मुद्दे को निस्तारित करने की मांग की गई। इसके अलावा स्थाई स्थानांतरण नीति बनाकर थर्ड ग्रेड सहित सभी संवर्गों के स्थानांतरण करने, शिक्षकों के सभी रिक्त पदों को भरने, नामांकन अभियान को गति देने और शिक्षकों की वाजिब मांगों को लेकर संघर्ष समिति के तहत रणनीति बनाकर व्यापक विरोध प्रदर्शन करने का भी फैसला लिया।

इस दौरान उन्होंने शिक्षक संघ शेखावत की प्रदेश कमेटी के एजेंडे पेश करते हुए सदस्यता अभियान को जल्द पूरा करने की कार्ययोजना भी बनाई। वहीं,

### प्रदेश के हजारों स्कूलों में कंप्यूटर और इंटरनेट नहीं, बिना मोबाइल कई कार्य होंगे बाधित



बढ़ती गर्मी और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण के बड़े अभियान का आगाज किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। इसके लिए इस वर्ष पौधारोपण की जगह बड़े दीर्घकालिक पेड़ लगाने की योजना बनाई गई। साथ ही तय किया गया कि इस सत्र में संगठन 20 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य तय कर उसको मूर्त रूप देने का काम करेगा और हर पेड़ को अपने परिवार का सदस्य मानते हुए उसकी देखभाल करेगा। साथ ही जिलों में एक बीड या जोहड को तय कर उसमें भगत सिंह की स्मृति में वन लगाएंगे।

## डिप्टी सीएम बोलीं- अलर्ट मोड पर रहें अधिकारी : दीया कुमारी ने कहा- खराब सड़कें ठेकेदारों से ठीक कराएं, फील्ड में जाकर मॉनिटरिंग करें

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को सचिवालय में सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड में खराब होने वाली सड़कों को जल्द से जल्द ठेकेदारों से दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कई बार ऐसी शिकायतें मिलती हैं कि सड़क बनाने के कुछ दिनों बाद ही खराब हो गई। ऐसे में यह सुनिश्चित करें कि डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड में अगर सड़क के निर्माण कार्य में या गुणवत्ता संबंधित शिकायत मिलती है तो संबंधित ठेकेदार से उसको तत्काल ठीक करवाया जाए। इसके प्रॉपर मॉनिटरिंग भी की जाए। ताकि आम जनता को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### दुर्घटना सम्भावित क्षेत्र का होगा समाधान

इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर संबंधित के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने प्रजैंटेशन के माध्यम से नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे, एमडीआर, ग्रामीण सड़कों के साथ ही सड़कों सहित निर्माणाधीन पूलों और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देखी। इसके साथ ही उन्होंने नेशनल हाईवे पर दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों का सर्वे कर ह्ा्र्र के अधिकारियों के साथ बातचीत कर उनके समाधान के आदेश दिए।

### बरसात के मौसम में रहे अलर्ट

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में अगर कहीं जलभराव और सड़क कटने की शिकायत मिलती है। या फिर स्थानीय अधिकारियों को ऐसा होने की संभावना लगती है। तो वहां पहले से ही माकूल व्यवस्था की जाए। ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## सुनीता विलियम्स की वापसी में देरी पर इसरो चीफ बोले : स्पेस स्टेशन लंबे समय तक रहने के लिए सुरक्षित जगह, वहां फंसना चिंता की बात नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन चीफ डॉ एस सोमनाथ ने कहा है कि स्पेस स्टेशन से भारतवंशी सुनीता विलियम्स की वापसी में देरी चिंता की बात नहीं है। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन लंबे समय तक लोगों के रहने के लिए एक सुरक्षित जगह है।

इसरो चीफ ने इंटरव्यू में कहा कि यह सिर्फ सुनीता विलियम्स या किसी अन्य अंतरिक्ष यात्री का मामला नहीं है। स्पेस स्टेशन में फंसना या अटक जाना कोई मुद्दा नहीं है, जिस पर चर्चा होनी चाहिए। अभी वहां नौ अंतरिक्ष यात्री हैं। उनमें से सभी फंसे हुए नहीं हैं। एस सोमनाथ ने कहा- सभी अंतरिक्ष यात्री को किसी न किसी दिन वापस आना है। पूरा मामला बोइंग स्टारलाइनर नाम के नए क्रू मॉड्यूल की टेस्टिंग, उसके स्पेस तक जाने और फिर सुरक्षित वापस आने की क्षमता से जुड़ा है। ग्राउंड लॉन्च प्रोवाइडर्स के पास उन्हें धरती पर लाने के लिए पर्याप्त क्षमता हैं।

### सोमनाथ बोले- इसरो को सुनीता के साहस पर गर्व

डॉ सोमनाथ ने कहा- हम सभी को सुनीता पर गर्व है। उनके नाम कई मिशन हैं। किसी नए स्पेस व्हीकल की पहली फ्लाइट में यात्रा करना साहस की बात है। वह खुद इसके डिजाइन टीम का हिस्सा रही हैं। उन्होंने अपने एक्सपिरिएंस के इनपुट का इस्तेमाल किया है। इसरो चीफ ने कहा- हम भी एक क्रू मॉड्यूल बना रहे हैं और इसलिए मैं समझ सकता हूं कि उनके साथ किस तरह की बातचीत हुई होगी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com